रविवार, 12 अप्रैल 2026

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, वैशाख कृष्णपक्ष दशमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

**मौसम**

तापमान 25 – 35
आर्द्रता 92%
सूर्योदय: 05:19 सूर्यास्त: 17:55



सैमसन का तूफानी शतक, चेन्नई को दिलाई पहली जीत पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार,पांच और छः पर

**सुविचार :** जो भी विचार ख़ुद के विरुद्ध जाता है, वह ख़ुद को चाटना शुरू कर देता है।

# भरोसा शपथ

## भाजपा के प्रमुख संकल्प

- **घुसपैठ रोकने** के लिए सरकार के गठन के **45 दिनों के भीतर भारत-बांग्लादेश सीमा पर जमीन अधिग्रहण** समस्या का समाधान किया जाएगा।
- **सभी सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए DA** सुनिश्चित किया जाएगा तथा 7वां वेतन आयोग लागू किया जाएगा।
- **समान नागरिक संहिता (Uniform Civil Code)** लागू की जाएगी। **धार्मिक आस्था और पूजा पद्धति** की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए क़ानून बनाया जाएगा।
- टीएमसी के 15 वर्षों के **भ्रष्टाचार और क़ानून व्यवस्था** के पतन को उजागर करने हेतु **श्वेत पत्र** जारी किया जाएगा। **सिंडिकेटराज व कटमनी पर रोक** लगायी जाएगी।
- **महिलाओं को प्रति माह ₹3,000** की वित्तीय सहायता मिलेगी। महिला सशक्तिकरण हेतु **75 लाख महिलाओं को 'लखपति दीदी'** बनाया जाएगा एवं सरकारी **नौकरियों में 33% आरक्षण** दिया जाएगा।
- राज्य में **महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा** सुनिश्चित की जाएगी।
- बालिकाओं को **ग्रेजुएशन के लिए ₹50,000 की सहायता** राशि प्रदान की जाएगी।
- **गर्भवती महिलाओं को ₹21,000** की आर्थिक सहायता तथा 6 पोषण किट प्रदान की जाएगी।
- महिलाओं की सुरक्षा के लिए **महिला पुलिस बटालियन, दुर्गा स्क्वाड** बनाया जाएगा। राज्य रिज़र्व पुलिस बल में **दो महिला बटालियन** स्थापित की जाएँगी।
- **सिंगूर में इंडस्ट्रियल पार्क** बनाया जाएगा एवं हल्दिया पोर्ट **ब्लू इकॉनमी** की रीढ़ बनेगा, **सुंदरबन से दार्जिलिंग तक एक सीधा राष्ट्रीय राजमार्ग** बनाया जाएगा।
- माइक्रोफाइनेंस कंपनियों से लिए गए ऋणों को चुकाने में **असमर्थ लोगों को ₹1 लाख** की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
- पांच वर्षों में **1 करोड़** नए रोज़गार उपलब्ध कराए जाएँगे, दिसंबर 2026 तक सभी **रिक्त सरकारी पदों को भरा जाएगा** एवं युवाओं को **प्रति माह ₹3,000** की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
- **5 लाख युवाओं को स्टार्ट-अप के लिए ₹10 लाख** तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
- राज्य के किसानों को **प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रति वर्ष ₹9,000** की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। धान, आलू और आम की खेती के लिए सहयोग एवं धान का **MSP बढ़ाकर ₹3,100** किया जाएगा।
- राज्य के प्रत्येक **मछुआरे को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना** के तहत पंजीकृत किया जाएगा और **राज्य को मछली निर्यात का एक प्रमुख केंद्र** बनाया जाएगा।
- आयुष्मान भारत योजना के तहत **प्रति वर्ष ₹5 लाख तक का नि:शुल्क उपचार उपलब्ध होगा।**
- धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य में **शक्तिपीठ सर्किट** और **श्री चैतन्य महाप्रभु सर्किट** का निर्माण किया जाएगा।
- **वन्दे मातरम् संग्रहालय** की स्थापना की जाएगी। **कोलकाता को यूनेस्को लिविंग हेरिटेज सिटी** का दर्जा दिया जाएगा।
- उत्तर बंगाल में **एम्स, आईआईटी और आईआईएम** की स्थापना की जाएगी। **पुराने चाय बागानों के पुनर्जीवन** के लिए पुनर्रोपण कार्यक्रम चलाये जाएँगे।
- **कुर्माली और राजबोंगशी भाषाओं** को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाएगा।




भरोसा शपथ के लिए
क्यूआर कोड स्कैन करें।

भय OUT भरोसा IN BJP के वोट दीन

Published By: भारतीय जनता पार्टी, पश्चिम बंगाल

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 12 अप्रैल, रविवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, वैशाख कृष्णपक्ष दशमी, 25:14 तक, नक्षत्र : श्रावण, 15:01 तक, योग : साध्य, 18:03 तक, सूर्योदय: 05:19, सूर्यास्त: 17:55, चन्द्रोदय : 01:45, चन्द्रास्त: 13:01, शक सम्वत: 1948 पराभव, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 16:18 से 17:52

## साप्ताहिक : राशिफल
## 12-04-26 से 18-04-26



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** मेष राशि के जातकों को इस सप्ताह धैर्य से कार्य करने की आवश्यकता है। किसी भी कार्य में शीघ्रता नुकसानदायक साबित हो सकती है। सप्ताह के प्रारंभ में सेहत और संबंधों पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत रहेगी। किसी से बहुत ज्यादा अपेक्षा करने पर उपेक्षा की स्थिति आ सकती है। कार्यक्षेत्र में कामकाज की अधिकता बनी रहेगी। किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करते समय अपने शुभचिंतकों एवं विशेषज्ञ की राय लेना ना भूलें। विदेश से जुड़े कार्य करने वाले लोगों को अपेक्षित लाभ होगा।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** वृष राशि के जातकों को सप्ताह के प्रारंभ में मित्रों और शुभचिंतकों की मदद से कोई बड़ा प्रोजेक्ट हाथ लग सकता है। पूर्व में किए गए निवेश से अप्रत्याशित लाभ मिल सकता है। भूमि और भवन के क्रय-विक्रय से लाभ के योग बनेंगे। रोजी-रोजगार की दिशा में प्रयास सफल होंगे। लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा के भी योग हैं। सप्ताह के उत्तरार्ध में किसी विशिष्ट व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे भविष्य में लाभ की योजनाएं बनेंगी। सत्ता पक्ष से लाभ की प्राप्ति होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** यदि आप अपने जीवन में एक नई दिशा की तलाश में जुटे थे अथवा आपको एक अदद नौकरी की तलाश थी तो इस सप्ताह के अंत तक आपको कोई न कोई सुखद समाचार की प्राप्ति अवश्य होगी। यह समय आपके लिए अत्यंत शुभ है। ऐसे में पूरे मनोयोग और ऊर्जा के साथ अपने लक्ष्य पर फोकस करें। निश्चित रूप से सफलता प्राप्त होगी। हालांकि एक बात का ध्यान रहे के आपकी बात से ही बात बनेगी और बात से ही बात बिगड़ेगी इसलिए वाणी में मधुरता बनाए रखें। राजनीति से जुड़े लोगों को नई जिम्मेदारी और नया पद प्राप्त हो सकता है।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** कर्क राशि के जातकों को इस सप्ताह आधी छोड़ सारी को धावे, आधी मिले न सारी पावे की कहावत को याद रखना होगा। इस सप्ताह आपका मन किसी एक कार्य को करने पर नहीं टिकेगा। जिससे आपके द्वारा किए प्रयासों में सफलता के बहुत कम योग बनेंगे। छात्रों का मन पढ़ाई से उचट सकता है। घरेलू समस्याओं को सुलझाते समय वाद-विवाद की जगह संवाद से काम लें और स्वजनों की भावनाओं की उपेक्षा बिल्कुल न करें। कठिन समय में जीवनसाथी और लव पार्टनर का पूरा सहयोग मिलेगा।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** करिअर अथवा कारोबार को लेकर जिस चीज का इंतजार आपको लंबे समय से बना हुआ था, वह इस सप्ताह के अंत तक खत्म हो जायेगा। सोचे हुए कार्य समय पर पूरे होंगे। यदि आप किसी बड़ी योजना पर कार्य कर रहे थे तो किसी महिला मित्र की मदद अत्यंत लाभदायक साबित होगी। आपको इस बात का पूरा ख्याल रखना होगा कि आप सफलता के जोश में पास के फायदे में, दूर का नुकसान न कर बैठें। किसी भी स्थिति में आवेश या अभिमान में आने से बचें, अन्यथा पास आई हुई सफलता और प्रियजन आपसे दूर जा सकते हैं।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** कन्या राशि के जातकों को इस सप्ताह अपने कार्य पर विशेष रूप से फोकस करने की आवश्यकता है। इस बात का हमेशा ख्याल रखें कि कोई तीसरी निगाह है, जो आप पर नजर बनाए हुए है। कार्य क्षेत्र में गुप्त शत्रुओं से विशेष रूप से सावधान रहें और जिम्मेदारियों को पूर्ण रूप से निर्वहन करें। कागज संबंधी कोई भी कार्य बड़ी सावधानी के साथ करें, अन्यथा एक छोटी सी गलती आपको काफी भारी पड़ सकती है। छोटे कारोबारियों के मुकाबले बड़े कारोबारियों के लिए समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण है। संतान पक्ष से जुड़ी कोई बड़ी चिंता सता सकती है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** तुला राशि के जातक यदि किसी खास डील के होने के इंतजार में थे तो वह इस सप्ताह के भीतर फाइनल हो जायेगी। व्यापार में विस्तार हेतु की गई यात्रा सफल होगी। किसी मांगलिक अवसर पर शामिल होने का मौका मिलेगा। संतान पक्ष से जुड़ी किसी उपलब्धि से समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। किसी देव या तीर्थ स्थान की यात्रा से मन को सुकून मिलेगा। सप्ताह के उत्तरार्ध में मानसिक पलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष का माहौल रहेगा। प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे लोगों को सुखद समाचार मिल सकता है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आयेगी।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए भी यह सप्ताह सौभाग्य से भरपूर होगा। सप्ताह के प्रारंभ में ही नई योजनाओं पर कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में सीनियर्स ओर जूनियर्स दोनों का सहयोग मिलेगा। सत्ता पक्ष से सम्मान और लाभ दोनों की प्राप्ति के योग बनेंगे। किसी मनोरंजक स्थान की यात्रा भी संभव है। सप्ताह के उत्तरार्ध में किसी प्रियजन से मुलाकात संभव है। इस दौरान परीक्षा प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे छात्रों को कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह काफी भाग दौड़ भरा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कामकाज का अधिक बोझ रहेगा। थोक व्यवसायियों को कुछेक चुनौती का सामना करना पड़ेगा। बाजार में फंसे धन को निकालने के लिए अभी थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है। सप्ताह के मध्य में धार्मिक कार्यों में सहभागिता होगी। आय के मुकाबले इस सप्ताह खर्च की अधिकता बनी रहेगी। ऐसे में आपको अपने खर्च पर नियंत्रण पाना होगा। खानपान पर विशेष ध्यान दें, अन्यथा पेट संबंधी दिक्कत हो सकती है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** मकर राशि के जातकों को इस सप्ताह धैर्य और विवेक का साथ नहीं छोड़ना है। सप्ताह के प्रारंभ में जेब से ज्यादा धन खर्च होने के कारण मन खिन्न रहेगा। किसी कार्य अथवा प्रोजेक्ट को लेकर आपका इंतजार थोड़ा और लंबा हो सकता है। कार्यक्षेत्र में विरोधी आपके कार्य में बाधा डालने की कोशिश करेंगे। छोटी मोटी नोक झोंक की अनदेखी करें तो दांपत्य एवं प्रेम संबंधों में मजबूती आयेगी। लव पार्टनर के साथ हंसी खुशी समय बिताने के अवसर प्राप्त होंगे।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** कुंभ राशि के जातकों को इस सप्ताह आलस्य छोड़कर हाथ आये अवसर का लाभ उठाना चाहिए। सप्ताह के अंत तक आपको कोई बड़ा कॉन्ट्रैक्ट प्राप्त हो सकता है। करियर और व्यवसाय की दृष्टि से भी यह सप्ताह अत्यंत शुभ रहने वाला है। आप चाहें तो कार्यक्षेत्र में सीनियर्स और जूनियर के साथ तालमेल बिठाते हुए आप आप अपने कार्य को सिद्ध कर सकते हैं। मार्केटिंग एवं लाइजनिंग करने वालों के लिए यह समय विशेष रूप से शुभ साबित होगा। पैतृक संपत्ति की प्राप्ति के योग बनेंगे।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** मीन राशि के जातकों को इस सप्ताह करिअर अथवा कारोबार में किसी भी प्रकार का जोखिम उठाने से बचना चाहिए। तमाम चुनौतियों के बावजूद आप इस सप्ताह अपने विवेक एवं बुद्धि का प्रयोग करके वह सब कुछ पाने में कामयाब हो सकते हैं, जिसका आपको लंबे समय से इंतजार था। पूरे मनोयोग से कार्य करने पर सफलता अवश्य मिलेगी। विदेश से जुड़े कारोबारियों को अप्रत्याशित रूप से लाभ होगा।

# भीषण हादसे में 10 की मौत : बिहार में नेशनल हाइवे पर बस-पिकअप की टक्कर में 25 घायल

**कटिहार :** कटिहार से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है, जहां एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे कोढ़ा इलाके को हिला कर रख दिया। छक-31 पर बसगड़ा चौक के पास दातपुर मुसहरी चौक के नजदीक बस और पिकअप वैन की जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भयानक था कि इसकी चपेट में आई दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे में अब तक 10 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 25 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।



### नशे की हालत में था बस का चालक

बताया जा रहा है कि हरदा से पूर्णिया जा रही बस का चालक नशे की हालत में था और रास्ते में पहले भी एक-दो जगह टक्कर मार चुका था। जैसे ही बस दातपुर मुसहरी चौक के पास पहुंची, सामने से आ रही पिकअप वैन से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पास से गुजर रही दो बाइक भी इसकी चपेट में आ गईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीण और पुलिस तुरंत राहत-बचाव कार्य में जुट गए और घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। इलाके में मातम पसरा हुआ है और हर तरफ चीख-पुकार सुनाई दे रही है।

### पुलिस ने क्या बताया?

मामले में कटिहार पुलिस ने बताया कि शनिवार शाम कोढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत गेड़ाबाड़ी के समीप एक बस एवं पिकअप वाहन के बीच भीषण सड़क दुर्घटना घटित हुई, जिसमें अब तक 10 व्यक्तियों की दुखद मृत्यु हुई है। घटना की सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया गया। दुर्घटना में घायल लगभग 25 व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु नजदीकी अस्पतालों में भेजा जा रहा है। घटनास्थल पर विधि-व्यवस्था पूर्णतः नियंत्रण में है तथा यातायात व्यवस्था को भी सुचारू किया जा रहा है। अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# थारू समाज के लोगों पर दर्ज मुकदमे वापस लेगी सरकार: योगी आदित्यनाथ



**लखीमपुर खीरी (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां कहा कि संघर्ष करने वाले थारू समाज के जिन लोगों पर समाजवादी पार्टी (सपा) सरकार ने मुकदमे दर्ज किए थे, भाजपा सरकार उन सभी मुकदमों को वापस लेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जनपद में माफिया पालने वाली पेशेवर अपराधियों की सरकार (पूर्ववर्ती सपा सरकार) महाराणा प्रताप व महाराणा सांगा के वंशजों पर अत्याचार और झूठे मुकदमे दर्ज करती थी। उन्होंने कहा, 'संघर्ष करने वाले थारू समाज के जिन लोगों पर सपा सरकार ने मुकदमे दर्ज किए थे, हमारी सरकार उन सारे मुकदमों को वापस लेगी।' योगी ने लोगों से कहा कि अब आप पर कोई अत्याचार नहीं कर पाएगा, क्योंकि 'डबल इंजन' सरकार साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी माफिया को नहीं पनपने देगी। उन्होंने कहा कि न गरीबों का हक छीनने दिया जाएगा, और न ही नौजवानों की नौकरी पर डकैती डालने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने चंदन चौकी (पलिया) लखीमपुर में आयोजित कार्यक्रम में भूमि क्षरण से प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश के 2,350 परिवारों व थारू जनजाति के 4,356 परिवारों को भूमि अधिकार पट्टों का आवंटन किया और पलिया, श्रीनगर, निघासन व गोला गोकर्णनाथ विधानसभा क्षेत्रों की 817 करोड़ रुपये की 314 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया।

## भाजपा-आरएसएस संविधान बदलने, लोकतंत्र की जगह तानाशाही स्थापित करने के प्रयास में: तेजस्वी

**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) संविधान को बदलने तथा लोकतंत्र को तानाशाही से बदलने का प्रयास कर रहे हैं। राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं से संविधान के विरोधियों के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, 'आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी भारत के संविधान को आरएसएस के संविधान से बदलना चाहते हैं। वे लोकतंत्र को खत्म करके तानाशाही स्थापित करना चाहते हैं। हमारे लिए यह संघर्ष का समय है।' उन्होंने कहा, 'यदि ऐसे बदलाव होते हैं, तो वे पिछड़े वर्गों, अति पिछड़े वर्गों, दलितों और हाशिये पर रहने वाले अन्य समुदायों को बुरी तरह प्रभावित करेंगे।' राजद नेता ने पार्टी कार्यकर्ताओं से सांप्रदायिक ताकतों की कथित बांटो और राज करो की नीति के खिलाफ लड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा,



'अगर कोई भी नेता, चाहे वह हिंदू हो या मुस्लिम, जिसमें मैं भी शामिल हूं, भड़काऊ भाषण देता है या सांप्रदायिक राजनीति में शामिल होता है, तो उसका कड़ा विरोध किया जाना चाहिए। यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस दशकों से संघर्ष भड़काकर देश में शांति और बंधुत्व को पटरी से उतारने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं लालू प्रसाद का पुत्र हूं, जिन्होंने एल.के. आडवाणी के रथ को रोका और बाबरी मस्जिद विध्वंस में मदद करने के आरोप में उन्हें गिरफ्तार करवाया। न तो मेरे पिता सांप्रदायिक ताकतों के आगे झुके, न ही मैं झुकूंगा।

## बिहार में सरकारी चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस पर सरकार ने लगाई पाबंदी

**पटना:** बिहार सरकार ने शनिवार को सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। राज्य के स्वास्थ्य विभाग की एक अधिसूचना के अनुसार यह निर्णय राज्य के प्रमुख कार्यक्रम 'सात निश्चय-3' (2025-30) के तहत लिया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि सुलभ स्वास्थ्य, सुरक्षित जीवन संकल्प के तहत राज्य सरकार ने सरकारी चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस पर रोक लगाने का फैसला किया है। विभाग ने यह भी बताया कि सरकारी चिकित्सकों के लिए गैर-प्रैक्टिस भत्ता (एनपीए) के माध्यम से मुआवजे से संबंधित अलग दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे, जो सक्षम प्राधिकरण की मंजूरी पर निर्भर होंगे। यह प्रावधान राज्य के सभी सरकारी चिकित्सकों और सरकारी अस्पतालों के संकाय सदस्यों पर लागू होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहले ही संकेत दिया था कि ऐसी नीति जल्द लाई जाएगी। जनवरी में पश्चिम चंपारण जिले में अपनी 'समृद्धि यात्रा' के दौरान उन्होंने कहा था कि सरकार स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने और सरकारी चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस पर रोक लगाने के लिए नयी नीति लाएगी।

# सवाई मानसिंह अस्पताल में 106 साल की महिला का दूरबीन से सफल ऑपरेशन

**जयपुर:** चिकित्सा क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल (एसएमएस) के चिकित्सकों ने 106 वर्षीय महिला का जटिल ऑपरेशन दूरबीन (लेप्रोस्कोपिक) तकनीक से सफलतापूर्वक कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, झुंझुनूं निवासी बनारसी देवी पित्त की थैली और पित्त नली में पथरी की गंभीर समस्या से पीड़ित थीं, जिसके चलते उन्हें एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सर्जिकल यूनिट-2 में यह जटिल सर्जरी डॉ. प्रभा ओम के निर्देशन में तथा डॉ. अमित जैन के नेतृत्व में की गई। डॉ. जैन ने बताया कि इतनी अधिक आयु में इस



प्रकार की सर्जरी अत्यंत जोखिमपूर्ण मानी जाती है, लेकिन विशेषज्ञों की टीम ने पूरी सावधानी और दक्षता के साथ इसे सफलतापूर्वक अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति स्थिर रही और 24 घंटे की निगरानी के बाद उन्हें स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। चिकित्सकों का मानना है कि 106 वर्ष की आयु में इस प्रकार की सर्जरी का यह संभवतः पहला मामला है। यह उपलब्धि आधुनिक चिकित्सा तकनीक, अनुभवी चिकित्सकों और टीम वर्क का उत्कृष्ट उदाहरण मानी जा रही है। इस ऑपरेशन में अस्पताल की शल्य चिकित्सा टीम के डॉ. अमित गोयल, डॉ. प्रवीण जोशी, डॉ. जय, डॉ. शोभित, डॉ. गरिमा, डॉ. कविता, डॉ. रजत, डॉ. दीक्षा, डॉ. हर्षिता, डॉ. शशांक, डॉ. आर. रंगनाथ, डॉ. आकाश और डॉ. विनय राज का योगदान रहा। वहीं, एनेस्थीसिया टीम के डॉ. सुशील भाटी, डॉ. सुनील चौहान, डॉ. इंदु वर्मा और डॉ. मनोज सोनी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## माफियाओं का गढ़ माना जाने वाला उत्तर प्रदेश अब संतों और संन्यासियों का गढ़ : राजनाथ



**लखनऊ:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि एक समय था कि उत्तर प्रदेश माफियाओं का गढ़ बन गया था, लेकिन अब यह संतों और संन्यासियों का गढ़ माना जाता है। राजनाथ सिंह ने शनिवार को लखनऊ के गोमतीनगर में जनकल्याण महासमिति के वार्षिकोत्सव को संबोधित करते हुए यह बात कही। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'डबल इंजन' की सरकारों के विकास कार्य की सराहना करते हुए सिंह ने कहा कि दोनों ने यहां के लिए जो किया है, वह किसी को बताने की आवश्यकता नहीं है। रक्षा मंत्री ने कहा, 'एक समय था कि उप्र माफियाओं का गढ़ था, लेकिन आज उप्र संतों और संन्यासियों का गढ़ हो गया है।' सिंह ने कहा, 'एक समय उप्र को बीमारू प्रदेश कहा जाता था, अब कहीं भी चले जाइए तो लोग कहते हैं कि एक हद तक उप्र उत्तम प्रदेश बन गया है।' रक्षा मंत्री ने कहा, 'दुनिया वैश्विक संकट से गुजर रही है लेकिन इस दौर में भी सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था भारत की है।

# पीडीए समुदाय देगा भाजपा को चुनौती : अखिलेश यादव




**जयपुर:** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए उन्हें नकली संत बताया और कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समुदाय आगामी चुनावों में भाजपा को चुनौती देगा। जयपुर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार विभिन्न संस्थाओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि पीडीए समुदाय सत्ता पक्ष को हराकर व्यवस्था को शुद्ध करेगा। ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए यादव ने कहा कि वे नकली संतों के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने बिना नाम लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि एक व्यक्ति दूसरों से प्रमाण-पत्र मांगता है, जबकि उसके पास खुद कोई प्रमाण नहीं है। बाद में स्पष्ट करते हुए यादव ने कहा कि वे अजय सिंह बिष्ट (योगी आदित्यनाथ) की बात कर रहे हैं और उनके योग अभ्यास पर भी सवाल उठाए। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के दौरान फॉर्म-7 का दुरुपयोग कर समाजवादी पार्टी के समर्थकों के नाम हटाए गए। उन्होंने दावा किया कि इस संबंध में निर्वाचन आयोग से शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को जान से मारने की धमकी मामले में मुकदमा दर्ज

**वाराणसी:** ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को जान से मारने की धमकी देने के मामले में वाराणसी के भेलुपुर थाने में शनिवार को अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने शनिवार को भेलुपुर थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 351(4) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज किया।

# मतदाता सूची से 2.04 करोड़ नाम हटे, कुल मतदाता संख्या 13.39 करोड़ हुई

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के बाद राज्य की मतदाता सूची से 2.04 करोड़ से अधिक लोगों के नाम हटा दिए गए हैं। अंतिम सूची जारी होने के बाद प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या 13.39 करोड़ दर्ज की गई है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, इस प्रक्रिया के दौरान 84 लाख से अधिक नए मतदाताओं को जोड़ा गया है, जिससे कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 13,39,84,792 हो गई है। इनमें 7,30,71,071 पुरुष (लगभग 54 प्रतिशत), 6,09,09,525 महिलाएं (45.46 प्रतिशत) और 4,206 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। आयोग की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक 27 अक्टूबर, 2025 को जारी की गई मतदाता सूची में राज्य में 15.44 करोड़ मतदाता थे। छह जनवरी को



प्रकाशित सूची में यह संख्या घटकर 12,55,56,025 रह गई थी। इस सूची में 6.88 करोड़ पुरुष मतदाता, 5.67 करोड़ महिला वोटर और तृतीय लिंग के 4,119 वोटर शामिल थे। दावों और आपत्तियों की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, अंतिम सूची में अनंतिम की तुलना में कुल 84,28,767 वोटरों की बढ़ोतरी हुई है। इसमें 42,27,902 पुरुष वोटरों, 42,00,778 महिला वोटरों और 87 तृतीय लिंग के वोटरों की बढ़ोतरी शामिल है। आंकड़ों के मुताबिक, लिंगानुपात में सुधार हुआ है। प्रति 1,000 पुरुषों पर महिला मतदाताओं की संख्या 824 से बढ़कर 834 हो गई है, हालांकि एसआईआर की प्रक्रिया से पहले यह अनुपात 877 था। अनंतिम सूची के दौरान महिलाओं के नाम अधिक हटाए जाने से इसमें गिरावट आई है। मतदाता सूची में 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जो बढ़कर 17,63,360 हो गई है। यह अनंतिम सूची की तुलना में 14,29,379 की बढ़ोतरी है। जिलों के स्तर पर लखनऊ में सबसे अधिक 9.14 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए। इसके बाद प्रयागराज, कानपुर नगर, आगरा और गाजियाबाद का स्थान रहा। शहरी विधानसभा क्षेत्रों में अधिक गिरावट दर्ज की गई, जिनमें लखनऊ कैंटोनमेंट और इलाहाबाद उत्तर प्रमुख हैं। वहीं, हमीरपुर, महोबा, ललितपुर, चित्रकूट और श्रावस्ती जैसे जिलों में मतदाताओं के नाम कम संख्या में हटाए गए। विधानसभा क्षेत्रों में भी बरखेड़ा, तिंदवारी, सिरसागंज, कुंदरकी और महरौनी में न्यूनतम बदलाव देखा गया। मतदाताओं की संख्या में वृद्धि के मामले में प्रयागराज शीर्ष पर रहा, जहां 3,29,421 नए मतदाता जुड़े। इसके बाद लखनऊ, बरेली, गाजियाबाद और जौनपुर का स्थान रहा।

विधानसभा स्तर पर साहिबाबाद (गाजियाबाद) में सबसे अधिक 82,898 मतदाताओं की बढ़ोतरी दर्ज की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा के अनुसार, 27 अक्टूबर 2025 से 10 अप्रैल 2026 तक 166 दिनों तक चले इस अभियान में प्रदेश के सभी 75 जिले, 403 विधानसभा क्षेत्र और सभी मतदान केंद्र शामिल रहे।

## वर्ग पहेली नं. 3407



*बायें से दायें:-* 1) निश्चिंत, 3) घोड़ा; सिंह, 6) हाथीवान, 8) अँधेरा, 9) पांडवों में नकुल, 10) हत्या, 12) घोषविक्रय, 13) हवाख़ोरी करना, 15) फुरसत; अवधि, 17) पधारना, 18) मुक्त, 19) सारा, 20) दीवार पर लेप, 21) ढाढस; दिलासा 23) वसंत ऋतु में काटी जानेवाली फ़सल, 24) शुद्ध, 26) मनमाना काम, 29) असाक्षरता, 30) दुलार.

*ऊपर से नीचे:-* 2) अनुमोदनीय, 3) ध्वज, 4) रस्म रिवाज; ढंग; तरीक़ा, 5) उत्पादनगृह, 7) शक; शंका, 9) गाँजा, 11) मुकरना, 14) क्षण, 16) स्वार्थी, 17) स्वभाव; व्यसन, 18) इस सिरे से उस सिरे तक, 19) ग़र्क; मग्न, 20) कल के बाद का दिन, 22) भेदभावहीनता, 25) कमरा, 27) गले में पहनने का हार, 28) पक्षी का घोंसला.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3365

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | | 9 | | | | | 6 |
| | | 6 | | | 4 | | 8 | |
| | | | | | 3 | 5 | | |
| | | | | | 1 | | | 2 |
| | | | | | 6 | 4 | 7 | |
| | 2 | | | 8 | | | 6 | |
| 4 | | 1 | | | | | | |
| | | 8 | | | | | 3 | |
| | 6 | | | | 5 | | 2 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3364 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 9 | 4 | 3 | 1 | 5 | 8 | 2 |
| 3 | 1 | 2 | 9 | 8 | 5 | 6 | 7 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 6 | 2 | 7 | 3 | 9 | 1 |
| 4 | 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 2 | 3 | 8 | 7 | 1 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 7 | 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 2 | 8 |
| 1 | 8 | 7 | 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 |
| 6 | 4 | 5 | 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 9 | 2 | 3 | 8 | 4 | 6 | 1 | 5 | 7 |

रविवार, 12 अप्रैल 2026

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 35 |
| आर्द्रता | 92% |
| सूर्योदय: 05:19 | सूर्यास्त: 17:55 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा



हिमाचल के बिलासपुर में संदिग्ध 'पाकिस्तानी गुब्बारा' मिला पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार, पांच और छः पर

कोलकाता, वैशाख कृष्णपक्ष दशमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

**सुविचार :** जो भी विचार ख़ुद के विरुद्ध जाता है, वह ख़ुद को चाटना शुरू कर देता है।

## वटवृक्ष समाजसेवी एवं शिक्षाविद् श्री सरदारमल जी कांकरिया के निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर



**कोलकाता :** प्रसिद्ध समाजसेवी, उद्योगपति, शिक्षाविद् एवं दानवीर श्री सरदारमल जी कांकरिया का शनिवार तड़के 1:49 बजे निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही जैन समाज, शिक्षा जगत और विभिन्न सामाजिक वर्गों में गहरा शोक व्याप्त हो गया। उनके निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। सरदारमल जी कांकरिया लंबे समय तक श्री श्वेतांबर स्थानकवासी जैन सभा (श्री एस.एस. जैन सभा) के चेयरमैन इमेरिटस के रूप में जुड़े रहे और समाज का मार्गदर्शन करते रहे। वे कोलकाता स्थित श्री जैन विद्यालय के संरक्षक, मार्गदर्शक एवं शुभचिंतक थे। वहीं, हावड़ा के श्री जैन विद्यालय (बालक एवं बालिका) के भी प्रेरणास्रोत रहे। शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज कल्याण के क्षेत्र में उनका योगदान अत्यंत उल्लेखनीय रहा। उन्होंने श्री जैन अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर की स्थापना कर स्वास्थ्य सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा, काशीपुर में कॉलेज, बी.एड कॉलेज, डेंटल कॉलेज तथा राजारहाट में एस.पी.के.जैन फ्यूचरिस्टिक एकेडमी सहित कई संस्थाओं के विकास और संचालन में उनका अहम योगदान रहा। वे जीवनभर समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय रहे और शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं को जनसुलभ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। उनकी दूरदर्शिता और सेवा भावना से हजारों विद्यार्थी और जरूरतमंद लोग लाभान्वित हुए। सरदारमल जी कांकरिया के निधन से न केवल जैन समाज, बल्कि पूरे समाज को गहरा आघात पहुंचा है।

# बंगाल में बंगालियों को अल्पसंख्यक नहीं बनने देंगे : प्रधानमंत्री मोदी

## कहा, भाजपा यूसीसी लागू करेगी

- घुसपैठियों पर कड़ा संदेश, भाजपा सरकार बनते ही बंगाल छोड़ने की चेतावनी
- 35 साल वाम, 15 साल टीएमसी–अब 5 साल भाजपा को आजमाने का आग्रह



**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा चुनाव के निर्णायक चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य की राजनीति को भरोसे की दिशा में मोड़ने की कोशिश तेज कर दी है। शनिवार को उन्होंने पूर्व वर्दवान के कटवा, मुर्शिदाबाद के जंगीपुर और दक्षिण दिनाजपुर के कुशमंडी में आयोजित तीन चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

अपने संबोधन में पीएम ने ममता सरकार के 15 साल के शासन को अन्याय का काल बताते हुए जनता से केवल पांच साल का अवसर देने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी अब घुसपैठियों के वोट से घुसपैठियों की सरकार बनाने की दिशा में काम कर रही है। जंगीपुर की रैली में उन्होंने कहा कि बंगाल अब तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति को और स्वीकार नहीं करेगा।

पीएम ने भरोसा दिया कि हम बंगाल में बंगालियों को अल्पसंख्यक नहीं बनने देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में आई तो घुसपैठियों को बंगाल छोडऩा पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने सीमा से सटे क्षेत्रों में जनसांख्यिकीय बदलाव का मुद्दा उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार बनने पर बंगाल में बंगालियों को अल्पसंख्यक नहीं बनने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों और उनके सहयोगियों के लिए कोई जगह नहीं होगी और उन्हें राज्य छोड़ना पड़ेगा। उन्होंने कड़ा संदेश देते हुए कहा, घुसपैठिये अपना बोरिया-बिस्तर बांध लें, उनके मददगारों को भी बख्शा नहीं जाएगा।

### '35 साल वाम, 15 साल टीएमसी, अब 5 साल मोदी को मौका'

कुशमंडी की जनसभा में पीएम ने भावनात्मक अपील करते हुए जनता से कहा कि वाम दलों को 35 साल और टीएमसी को 15 साल मिल चुके हैं, अब कम से कम 5 साल भाजपा को भी मौका देकर देखा जाए। उन्होंने भरोसा जताया कि भाजपा सरकार बनने पर बंगाल का गौरव और विकास वापस लौटेगा तथा डर की जगह अवसर का माहौल बनेगा।

### पहचान और तुष्टीकरण की राजनीति पर हमला

पीएम ने टीएमसी पर अपने पुराने नारे मां-माटी-मानुष से हटकर घुसपैठियों पर निर्भर होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव बंगाल की पहचान बचाने की लड़ाई है, क्योंकि राज्य के कई हिस्सों में जनसंख्या परिवर्तन तेजी से हो रहा है। उन्होंने रामनवमी के दौरान हुई हिंसा का भी उल्लेख करते हुए कहा कि देश के अन्य हिस्सों में पर्व शांतिपूर्ण रहा, जबकि बंगाल में अशांति देखने को मिली।

### 'भ्रष्टाचारियों के लिए जेल का रास्ता'

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि जो जनता के अधिकारों का हनन करेगा, उसके लिए अब रेड कारपेट नहीं बल्कि जेल का रास्ता खुलेगा। उन्होंने टीएमसी पर सिंडिकेट राज और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार बनने पर पूरे मामलों की जांच के लिए श्वेत पत्र जारी किया जाएगा।

### 'टीएमसी का अहंकार भी टूटेगा'

अपने संबोधन के अंतिम हिस्से में पीएम ने कहा कि बंगाल में जिसने भी चुनौती दी, उसका अहंकार टूटा है। पहले अंग्रेज, फिर कांग्रेस और लेफ्ट, और अब टीएमसी का भी अहंकार समाप्त होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार के दौरान हथियार, तस्करी और भ्रष्टाचार को संरक्षण मिला है।

शरणार्थियों को नागरिकता देने की प्रक्रिया तेज की जाएगी पीएम ने मतुआ बहुल इस क्षेत्र में मतुआ व नामशुद्र शरणार्थी परिवारों को भी भरोसा दिया कि भाजपा की सरकार बनने पर सीएए के तहत नागरिकता देने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। वहीं, आदिवासी बहुल कुशमंडी की रैली में पीएम ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के उत्तर बंगाल दौरे के दौरान प्रोटोकाल उल्लंघन का मुद्दा उठाकर संथाल और राजबंशी समाज को संदेश दिया कि टीएमसी केवल वोट के लिए उनका उपयोग करती है।

# भाजपा ने निर्वाचन आयोग की मदद से भवानीपुर में मेरी उम्मीदवारी रद्द कराने की कोशिश की : ममता



- कहा : 'एसआईआर एक दिन बड़ा घोटाला साबित होगा'

## मुख्यमंत्री का दावा, एसआईआर के कारण 250 से अधिक लोगों की मौत एवं हटाए गए 90 लाख मतदाताओं में 60 लाख हिंदू और 30 लाख मुस्लिम

**पश्चिम मेदिनीपुर :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को दावा किया कि भाजपा ने उनके खिलाफ दो झूठे मामले दर्ज कराने की कोशिश कर निर्वाचन आयोग की मदद से दक्षिण कोलकाता की भवानीपुर सीट से उनकी उम्मीदवारी रद्द कराने का प्रयास किया लेकिन तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने उसकी यह कोशिश विफल कर दी। ममता ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के केशियारी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भाजपा पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से 90 लाख मतदाताओं के नाम 'जबरन' हटवाने का आरोप भी लगाया। इस दिन, ममता ने अधिक ब्योरा दिए बिना कहा कि भाजपा ने निर्वाचन आयोग की मदद से मेरे खिलाफ झूठे मामले दर्ज कराने की कोशिश कर भवानीपुर से मेरी उम्मीदवारी रद्द कराने का प्रयास किया लेकिन हमने उसकी साजिश नाकाम कर दी। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उसमें लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़ने और जीतने का साहस नहीं है, इसलिए वह फर्जी तरीकों से जबरन वोट कब्जाने की साजिश रच रही है। निर्वाचन आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी को 'भाजपा की मुख्य वॉशिंग मशीन' बताते हुए ममता ने कहा कि इसीलिए वे मतदाताओं के नाम हटा रहे हैं। वे परिणाम अपने पक्ष में करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में भी छेड़छाड़ की योजना बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनावों में भाजपा की करारी हार और बाद में दिल्ली में उसके सत्ता से बेदखल होने के बाद न्याय देर-सवेर अवश्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के कारण 250 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। हटाए गए 90 लाख मतदाताओं में 60 लाख हिंदू और 30 लाख मुस्लिम हैं। क्या बांग्ला बोलने से हम भारतीय नहीं रह जाते? क्या हमें बार-बार अपनी नागरिकता साबित करने की जरूरत है? ममता ने कहा कि एसआईआर एक दिन बड़ा घोटाला साबित होगा।

### 'भाजपा यूसीसी के जरिए लोगों पर अपना फरमान थोपना चाहती है'

सत्ता में आने पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के भाजपा के वादे पर ममता ने कहा कि पार्टी यूसीसी के जरिए लोगों पर अपना फरमान थोपना चाहती है। उन्होंने कहा कि यूसीसी के जरिए वे आपके धार्मिक आस्था का पालन करने और परंपराओं के अनुसार रीति-रिवाज निभाने के अधिकार छीनना चाहते हैं। वे सभी धार्मिक प्रथाओं को एक जैसा करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूसीसी का मतलब एक भाजपा, एक नियम है। जब हम चुनाव में व्यस्त हैं, तब ऐसे विधेयक संसद में क्यों लाए जा रहे हैं? जब आप दिल्ली की सत्ता में नहीं रहेंगे, तो हम ऐसे कठोर कानूनों को निरस्त कर देंगे। हम पश्चिम बंगाल में इसे लागू नहीं होने देंगे।

# सरकार ने अप्रत्याशित लाभ कर बढ़ाकर डीजल पर 55.5 रुपये, एटीएफ पर 42 रुपये प्रति लीटर किया

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शनिवार को डीजल के निर्यात शुल्क या अप्रत्याशित लाभ कर को बढ़ाकर 55.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया है। विमान ईंधन (एटीएफ) के लिए यह दर अब 42 रुपये प्रति लीटर होगी। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि शुल्क में यह बढ़ोतरी तत्काल प्रभाव से लागू होगी। इससे पहले 26 मार्च को सरकार ने डीजल पर 21.50 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया था। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच घरेलू बाजार में ईंधन की उपलब्धता बढ़ाने के लिए ये शुल्क लगाए गए थे। इन शुल्कों का उद्देश्य निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू कीमतों के अंतर का अनुचित लाभ उठाने से रोकना है, क्योंकि युद्ध शुरू होने के बाद से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है।


जय गुरु नाना श्री महावीराय नमः जय गुरुराम

श्रद्धेय सरदारमल जी कांकरिया

~~स्मृति सभा~~



जन्म: 28 जनवरी 1928

प्रयाण: 11 अप्रैल 2026

संस्कार, शिक्षा एवं सेवा के त्रिवेणी संगम प्रखर समाजसेवी

श्रद्धेय सरदारमल जी कांकरिया

( सुपुत्र स्व. किशनलालजी कांकरिया) गोगोलाव निवासी, कोलकाता प्रवासी का स्वर्गवास दिनांक 11-04-2026 को हो गया है।

स्मृति सभा आज रविवार दिनांक 12-04-2026 दोपहर 3 बजे श्री जैन विद्यालय, पारसमल कांकरिया सभागार, 18-डी, पुसराज बच्छावत पथ (सुकियास लेन, कोलकाता - 700 001) में आयोजित होगी।

~~विनयावत-~~

श्री श्वेतांबर स्थानकवासी जैन सभा

श्री जैन विद्यालय, कोलकाता

श्री जैन विद्यालय फोर बोयस एन्ड गर्ल्स, हावड़ा

हरख चंद कांकरिया जैन विद्यालय, जगतदल

श्री जैन हॉस्पिटल एन्ड रिसर्च सेन्टर, हावड़ा

टी एच के जैन कॉलेज, काशीपुर

के एस एस जैन कॉलेज, काशीपुर

के एस डी जैन डेन्टल कॉलेज एन्ड हॉस्पिटल, काशीपुर

एस पी के जैन फ्युचरिस्टिक एकेडेमी, राजारहाट

विचार मंच, नींव

कुसुम सुन्दर दूगड हायर एज्युकेशन फंड

बुक बेंक प्रोजेक्ट

श्री श्वेतांबर स्थानकवासी जैन सभा - 18-डी, पुसराज बच्छावत पथ सुकियास लेन, कोलकाता - 700001

# पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी के आवास पर ईडी ने पांच घंटे तक चलाया तलाशी अभियान

❑ **शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच में महत्वपूर्ण दस्तावेज और उपकरण जब्त**
❑ **पार्थ चटर्जी से पूछताछ हुई, बिचौलिए प्रसन्न कुमार के घर भी छापा**



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विद्यालयों में शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक पदों पर भर्ती में हुए घोटाले के सिलसिले में शनिवार को राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी के आवास पर पांच घंटे तक छापेमारी की कार्रवाई की। संघीय एजेंसी के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पता चला है कि केंद्रीय बलों द्वारा परिसर की घेराबंदी किये जाने के बाद ईडी के अधिकारी सुबह करीब 10.45 बजे नकटला क्षेत्र में चटर्जी के आवास पर पहुंचे। ईडी के एक अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने पार्थ चटर्जी से पूछताछ भी की। टीम शाम 4:30 बजे आवास से रवाना हुई। इस टीम में एक महिला अधिकारी भी शामिल थी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) के भर्ती घोटाले में जमानत पर रिहा होने के बाद चटर्जी ने ईडी द्वारा भेजे गए तीन समन का जवाब नहीं दिया, जिसके कारण छापेमारी आवश्यक हो गई थी। एजेंसी की एक दूसरी टीम ने पार्थ के आवास में छापेमारी के दौरान ही एक अन्य आरोपी प्रसन्ना कुमार रॉय के राजारहाट स्थित कार्यालय की भी तलाशी ली। ईडी ने करोड़ों के नौकरी घोटाले में रॉय को बिचौलिए के तौर पर नामजद किया है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने मामले में 23 जुलाई, 2022 को पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया था। उन्हें करीब तीन साल (39 महीने) से अधिक समय तक हिरासत में रखने के बाद 11 नवंबर, 2025 को जमानत पर रिहा किया गया था। पार्थ को अगस्त 2025 में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के मामले में उच्चतम न्यायालय से जमानत मिली और इसके बाद अन्य मामलों में जमानत मिलने के बाद उन्हें कारागार से रिहा किया गया। रिहाई से पहले उनका कोलकाता के एक निजी अस्पताल में इलाज हुआ था।

# नदिया में एक स्कूल की छत पर देसी बम फटा



**कल्याणी :** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में शनिवार को एक स्कूल भवन की छत पर एक देसी बम फट गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कल्याणी विधानसभा क्षेत्र के सगुना पंचायत क्षेत्र में स्थित घोरदागाचा माध्यमिक शिक्षा केंद्र में हुई घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि यह धमाका स्कूल की छुट्टी के तुरंत बाद हुआ, जब छात्र परीक्षा के बाद परिसर से बाहर निकल चुके थे। जब स्कूल की छत से धमाके की तेज आवाज सुनाई दी, तब कुछ शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारी वहीं मौजूद थे। शिक्षक दौड़कर स्कूल की छत पर गए और पाया कि एक देसी बम फट गया था, जबकि एक अन्य बम पास ही पड़ा हुआ था जो फटा नहीं था। पुलिस को तुरंत सूचना दी गई। कल्याणी के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) प्रीतम साहा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। कल्याणी के लिए निर्वाचन आयोग के सामान्य पर्यवेक्षक पी. शिव शंकर ने सुरक्षा बलों के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं पर चुनाव से पहले अशांति फैलाने के लिए विस्फोटक लगाने का आरोप लगाया, जबकि भाजपा ने इस आरोप का खंडन करते हुए सत्त-ाधारी पार्टी को दोषी ठहराया। पश्चिम बंगाल में दो चरणों में मतदान होगा, 23 और 29 अप्रैल को। मतगणना चार मई को होगी।

## बाज़ार में उतार-चढ़ाव बढ़ा, लेकिन लंबे समय के निवेश का भरोसा बरकरार : बंधन लाइफ इंश्योरेंस

**कोलकाता :** भारत के शेयर बाज़ार में इस समय काफी उतार-चढ़ाव है। इसकी वजह मिडिल ईस्ट में बढ़ता तनाव, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और टैरिफ को लेकर अनिश्चितता है। इन सब कारणों से भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव तेज हो गया है और निवेशकों के निवेश के लिए फैसले लेना मुश्किल हो गया है। हालांकि, बंधन लाइफ इंश्योरेंस का मानना है कि ऐसे समय में निवेशकों के लिए अच्छे अवसर भी उभरते हैं। बंधन लाइफ में इक्विटी प्रमुख अविनाश अग्रवाल ने कहा, सबसे जरूरी है अनुशासन बनाए रखना, और बाजार की स्थिति चाहे जैसी भी हो, नियमित रूप से निवेश करते रहना, ताकि समय के साथ लागत संतुलित हो सके।

## चुनाव प्रचार में निकला भाजपा कार्यकर्ता तीस्ता नदी में डूबा, तलाश जारी

**जलपाईगुड़ी :** चुनावी माहौल के बीच एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जिले के मयनागुड़ी इलाके में प्रचार से लौटते समय भाजपा के एक कार्यकर्ता नदी में डूबकर लापता हो गए। लापता कार्यकर्ता की पहचान अमल राय के रूप में हुई है, जो हेलापाकड़ी इलाके के बैकुर गौर गांव के निवासी थे। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार की शाम करीब 20 भाजपा कार्यकर्ताओं का एक दल हेलापाकड़ी से तीस्ता नदी पार कर फुलिया चर में चुनाव प्रचार के लिए गया था। प्रचार खत्म कर लौटते समय अधिकांश कार्यकर्ता नाव से वापस आए, लेकिन अमल राय समेत तीन लोग पैदल ही नदी पार करने लगे। नदी के बीच में पहुंचते ही तेज बहाव की चपेट में आकर अमल राय डूब गए। उनके साथ मौजूद दो अन्य लोग किसी तरह किनारे तक पहुंचने में सफल रहे, लेकिन अमल राय का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। घटना की सूचना मिलते ही मयनागुड़ी थाने की पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची और लापता कार्यकर्ता की तलाश में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। शनिवार की सुबह से नदी में खोजबीन जारी रही, लेकिन बचाव टीम को अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। वहीं, भाजपा के दक्षिण मंडल अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी अपने सक्रिय कार्यकर्ता के परिवार के साथ खड़ी है। दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार राममोहन राय भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने कहा कि पुलिस और बचाव टीम पूरी कोशिश कर रही है।



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले कोलकाता में सुरक्षा हालात पर नजर रखते सुरक्षा बल के जवान

## हुमायूं कबीर के खिलाफ सिउड़ी थाने में जीरो एफआईआर दर्ज, सांप्रदायिक उकसावे का आरोप

**बीरभूम :** आम जनता उन्नयन पार्टी के चेयरमैन हुमायूं कबीर एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। शुक्रवार की रात बीरभूम जिले के सिउड़ी थाने में उनके खिलाफ 'राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आरक्षण मोर्चा' के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद परवेज सिद्दिकी ने लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि हुमायूं कबीर विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य में ध्रुवीकरण की कोशिश कर रहे हैं और सांप्रदायिक उकसावा दे रहे हैं। सिद्दीकी ने सिउड़ी थाने में 'जीरो एफआईआर' दर्ज कराते हुए उनकी शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। सिद्दीकी का दावा है कि हुमायूं कबीर पैसे के बदले चुनाव में ध्रुवीकरण कराने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबरी मस्जिद देश के मुसलमानों की आस्था का प्रतीक है, लेकिन हाल में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में हुमायूं कबीर यह कहते दिखे कि बाबरी मस्जिद निर्माण उनका वास्तविक उद्देश्य नहीं है। आरोप है कि वह हजार करोड़ रुपये की डील कर किसी शक्ति के पक्ष में चुनाव लड़ने और परोक्ष रूप से 'फासीवादी ताकतों' की मदद करने की बात कर रहे हैं। हालांकि, हुमायूं कबीर ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसके पीछे तृणमूल कांग्रेस की साजिश बताई है। गौरतलब है कि यह उनके खिलाफ तीसरा मामला है। इससे पहले कोलकाता के मैदान थाना और मुर्शिदाबाद के रेजिनगर थाने में भी शिकायत दर्ज हो चुकी है। रेजिनगर थाना पुलिस पहले से ही मामले की जांच कर रही है।

# डेको ड्रीम्स एक्सएल शोरूम का भव्य उद्घाटन, ग्राहकों को मिलेगा नया अनुभव



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में शनिवार को डेको ड्रीम्स एक्सएल, उत्तर-पूर्व भारत के सबसे बड़े कर्टेन एक्सपीरियंस शोरूम का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। इस शोरूम का उद्घाटन राज कुमारी बागड़ी ने किया। यह आयोजन केवल एक व्यावसायिक शुरुआत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पारिवारिक मूल्यों और परंपराओं को भी प्रमुखता से दर्शाया गया। शोरूम के संस्थापक मनमोहन बागड़ी और मनीषा बागड़ी ने अपनी माताश्री के हाथों उद्घाटन कराकर समाज को यह संदेश दिया कि परिवार और विशेष रूप से माता का आशीर्वाद सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर बृज मोहन बागड़ी, वर्षा बागड़ी, कनक बागड़ी, शौर्य बागड़ी तथा सायंतनी गुहठाकुर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। नए शोरूम के शुभारंभ के साथ ही शहर में फर्निशिंग और कर्टेन डिजाइनिंग के क्षेत्र में एक नई पहल की शुरुआत मानी जा रही है। डेको ड्रीम्स एक्सएल को अत्याधुनिक सुविधाओं और विविध डिजाइनों के साथ ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

## भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था और सहायक घरेलू नकदी ने भारत को एक सुरक्षा कवच प्रदान किया है : पीएल एसेट मैनेजमेंट

**कोलकाता :** पीएल कैपिटल ग्रुप (प्रभुदास लीलाधर) की एसेट मैनेजमेंट शाखा, पीएल एसेट मैनेजमेंट के अनुसार, जहाँ ऊर्जा आपूर्ति में बाधाओं और बदलती मौद्रिक नीति की उम्मीदों के कारण वैश्विक बाजारों में तीखी प्रतिक्रिया देखी गई, वहीं भारतीय शेयर बाजार तुलनात्मक रूप से स्थिर रहे। इस स्थिरता का मुख्य कारण भारत की मजबूत घरेलू आर्थिक बुनियाद, बेहतर नकदी की स्थिति और संस्थागत निवेशकों की निरंतर भागीदारी है। रिपोर्ट इस बात पर जोर देती है कि मजबूत अर्थव्यवस्था और सहायक घरेलू नकदी ने भारत को भू-राजनीतिक चुनौतियों के खिलाफ एक सुरक्षा कवच प्रदान किया है।

सिद्धार्थ वोरा, प्रमुख - क्वांट इन्वेस्टमेंट स्ट्रेटेजीज़ एवं फंड मैनेजर, पीएल एसेट मैनेजमेंट ने कहा, वैश्विक माहौल ऊँची अनिश्चितता और तरलता की कमी वाली स्थिति की ओर बढ़ रहा है, जो भू-राजनीतिक जोखिमों और ऊर्जा आपूर्ति में लगातार होने वाले व्यवधानों से प्रेरित है। कच्चे तेल की ऊँची कीमतें महंगाई को बनाए रखने और ब्याज दरों को लंबे समय तक ऊँचा रखने का काम करेंगी, जिससे कमाई, राजकोषीय संतुलन और मुद्रा स्थिरता पर दबाव पड़ेगा तथा रुपया कमज़ोर रहने की आशंका बनी रहेगी।

## चुनाव से पहले कोलकाता में कई जगहों से लाखों रुपये बरामद



**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले कोलकाता में नकदी बरामदगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। मतदान की तारीख नजदीक आते ही शहर के विभिन्न इलाकों में सघन जांच अभियान के दौरान शनिवार को एक साथ कई जगहों से लाखों रुपये नकद बरामद किए गए, जिससे प्रशासन सतर्क हो गया है और निगरानी और कड़ी कर दी गई है।

पहली घटना में गुप्त सूचना के आधार पर एफएसटी टीम ने मृन्मय मृधा के नेतृत्व में, वाटगंज थाने के एएसआई डीके राय और केंद्रीय बल (सीएपीएफ) के जवानों के साथ तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति नीरज कुमार गुप्ता को हिरासत में लिया गया। वह झारखंड के गढ़वा जिले के मेराल थाना क्षेत्र के तेनार गांव का निवासी है। तलाशी के दौरान उसके पास से 2,18,000 रुपये नकद बरामद किए गए। राशि के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर रकम जब्त कर ली गई।

दूसरी घटना ठाकुरपुकुर थाना क्षेत्र के जोका ट्राम डिपो के पास स्थित स्टैटिक सर्विलांस टीम प्वाइंट पर सामने आई। यहां नियमित जांच के दौरान एक सफेद अर्टिगा कार को रोका गया। कार में सवार पांच लोगों के पास से एक भूरे रंग का बैग मिला, जिसमें 500 रुपये के नोटों के 10 बंडल, यानी कुल 5 लाख रुपये बरामद हुए। हालांकि, इस नकदी के संबंध में भी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

तीसरी घटना पोर्ट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत फ्लाइंग स्क्वॉड टीम संख्या-6 के मजिस्ट्रेट शांतनु नस्कर के नेतृत्व में नेचर पार्क के सामने वाहन जांच के दौरान सामने आई। इस दौरान एक वाहन को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें से भारी मात्रा में नकदी बरामद हुई। इस मामले में सचिन साबू (47) को हिरासत में लिया गया। उसके पास से 500 रुपये के 800 नोट, 200 रुपये के 24 नोट, 100 रुपये के 43 नोट और 50 रुपये के 14 नोट बरामद किए गए। सभी मामलों में बरामद नकदी को जब्त कर लिया गया है और संबंधित एजेंसियां पूरे मामले की जांच में जुटी हुई हैं।

## समर्या क्रिएशन ने सामेर अंजान के साथ लॉन्च किया 'औमोरा म्यूजिक'

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की क्रिएटर इकॉनमी में एक नई पहल के तहत समर्या क्रिएशन ने औमोरा म्यूजिक नामक नए म्यूजिक लेबल का आधिकारिक लॉन्च मुंबई के अंधेरी वेस्ट स्थित द क्लब में किया। इस लेबल के संस्थापक पार्टनर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डधारी गीतकार सामेर अंजान हैं। कंपनी के अनुसार यह प्लेटफॉर्म कलाकार-प्रधान सोच पर आधारित है, जहां संगीत की दिशा कलाकार तय करेंगे, न कि एल्गोरिदम। चार दशकों में 4,000 से अधिक गीत लिख चुके सामेर अंजान यहां निर्माता की भूमिका में हैं। औमोरा म्यूजिक 150 से अधिक प्लेटफॉर्म्स पर 19 ट्रैक्स के साथ सक्रिय है और 150 से अधिक मूल रचनाएं रिलीज के लिए तैयार हैं। इसमें बॉलीवुड, भक्ति, लोक, रैप और पॉप जैसे विविध जॉनर शामिल हैं। लेबल का पहला प्रमुख आर्टिस्ट जेक्सेलजय है, जिसका असली नाम अजय है। कंपनी ने 2026 से 2032 तक 500 से अधिक ट्रैक्स और अंतरराष्ट्रीय कॉन्सर्ट्स की योजना बनाई है।

## रिलायंस रिटेल की प्रीमियम फैशन और लाइफस्टाइल ब्रांड एजॉर्ट की कोलकाता में धमाकेदार लॉन्चिंग

**कोलकाता :** पूरे भारत में अपने सफल विस्तार के बाद रिलायंस रिटेल की प्रीमियम फैशन और लाइफस्टाइल ब्रांड एजॉर्ट ने देश में अपने पहले स्टैंडअलोन हाई-स्ट्रीट स्टोर की कोलकाता में धमाकेदार लॉन्चिंग की। एल्गिन रोड पर मौजूद यह नया आउटलेट स्टोर टेक्नोलॉजी, इनक्लूसिविटी और कंटेंपररी डिजाइन के आसान मेल के जरिए फैशन रिटेल को फिर से परिभाषित करने के साथ एजॉर्ट के विजन को आगे बढ़ाया। कोलकाता में लॉन्च हुए उस एक्सक्लूसिव आउटलेट स्टोर ने स्टेट-ऑफ-द-आर्ट इंटीरियर को एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के साथ इंटीग्रेट किया, जिसमें एफिशिएंट इन्वेंट्री मैनेजमेंट के लिए रिफिड और क्यूआर कोड-इनेबल्ड सिस्टम शामिल हैं। मिमी चक्रवर्ती ने, लॉन्च के दौरान आउटलेट स्टोर में मौजूद लोगों की भीड़ में कई फैंस से बातचीत की और कलेक्शन को





एक्सप्लोर किया। इस माइलस्टोन की अहमियत का जश्न मनाते हुए रिलायंस रिटेल में एजॉर्ट के सीईओ, नितिन सहगल ने कहा, भारत का सबसे बड़ा रिटेल डेस्टिनेशन, शुरू से ही एजॉर्ट की एक्सपेंशन स्ट्रेटेजी का एक जरूरी हिस्सा रहा है।

## आसनसोल मंडल में ट्रैक मेंटेनेंस कार्य के लिए ट्रेनों का संचालन प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** आसनसोल मंडल में ट्रैक मेंटेनेंस कार्य के चलते 12 अप्रैल यानी आज विभिन्न रेल खंडों में ब्लॉक लिया जाएगा, जिसके कारण कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। यह ब्लॉक जोरामो-मधुपुर, मधुपुर-मथुरापुर, जसीडीह-तुलसीटांर (अप लाइन), जसीडीह-देवघर सिंगल लाइन सेक्शन, पराज स्टेशन सीमा सहित मंकर-पराज एवं पराज-गालसी (डाउन-खख लाइन) तथा चिनपाई-सिउड़ी (अप लाइन) सेक्शन में किया जाएगा।

इस कार्य के चलते कुल 14 पैसेंजर ट्रेनें रद्द रहेंगी, जिनमें 63561 आसनसोल-जसीडीह मेमू, 63565 जसीडीह-झाझा मेमू, 63566 झाझा-जसीडीह मेमू, 63545 अंडाल-जसीडीह मेमू, 63546 जसीडीह-अंडाल मेमू, 63298 झाझा-देवघर मेमू, 63547 जसीडीह-बांका मेमू, 63548 बांका-जसीडीह मेमू, 73481 दुमका-जसीडीह डेमू, 73484 जसीडीह-दुमका डेमू, 63511/63513/63515 वर्दवान-आसनसोल मेमू, 63512/63514/63516 आसनस-ोल-वर्दवान मेमू, 63531 अंडाल-सैंथिया मेमू तथा 63534 सैंथिया-अंडाल मेमू शामिल हैं।

इसके अलावा कुछ ट्रेनों का समय भी बदला गया है। 13331 धनबाद-पटना जंक्शन इंटरसिटी एक्सप्रेस को 1 घंटा 30 मिनट, 63573 जसीडीह-किऊल मेमू को 1 घंटा तथा 22321 हावड़ा-सिउड़ी हूल एक्सप्रेस को 1 घंटा 30 मिनट विलंब से चलाया जाएगा। कई ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द या परिवर्तित किया गया है। 63209 देवघर-पटना मेमू झाझा से चलाई जाएगी और देवघर-झाझा के बीच रद्द रहेगी। 63510 झाझा-वर्दवान मेमू तथा 63519 वर्दवान-बोकारो स्टील सिटी मेमू आसनसोल से चलाई जाएंगी और इनके कुछ हिस्से रद्द रहेंगे। वहीं, 63509 वर्दवान-झाझा मेमू तथा 63520 बोकारो स्टील सिटी-वर्दवान मेमू को आसनसोल तक ही सीमित किया गया है। इसके अतिरिक्त, 17321 वास्को द गामा-जसीडीह एक्सप्रेस को यदि विलंबित होती है, तो मार्ग में नियंत्रित किया जाएगा।

ब्लॉक से पहले और बाद की ट्रेनों की बात करें तो जोरामो-मधुपुर, मधुपुर-मथुरापुर एवं जसीडीह-तुल-सीटांर सेक्शन में ब्लॉक से पहले 18622 हटिया-पटना जंक्शन पाटलिपुत्र एक्सप्रेस तथा 17321 वास्को द गामा-जसीडीह एक्सप्रेस अंतिम ट्रेन होंगी, जबकि ब्लॉक के बाद 12317 कोलकाता-अमृतसर अकाल तख्त एक्सप्रेस पहली ट्रेन होगी। जसीडीह-देवघर सेक्शन में 73482 जसीडीह-दुमका डेमू अंतिम तथा 63081 रामपुरहाट-जसीडीह मेमू पहली ट्रेन होगी। मंकर-पराज एवं पराज-गालसी सेक्शन में 63508 आसनसोल-वर्दवान मेमू अंतिम और 13152 जम्मू तवी-कोलकाता एक्सप्रेस पहली ट्रेन होगी, जबकि चिनपाई-सिउड़ी सेक्शन में 63529 अंडाल-रामपुरहाट मेमू अंतिम और 22321 हावड़ा-सिउड़ी हूल एक्सप्रेस पहली ट्रेन के रूप में चलेगी।

## दक्षिण पूर्व रेलवे के नए महाप्रबंधक बने अनिल कुमार जैन



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक पद पर नई नियुक्ति की गई है। अनिल कुमार जैन ने 9 अप्रैल 2026 को महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले इस पद पर कार्यरत अनिल कुमार मिश्रा 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त हो गए थे। उनके बाद 1 अप्रैल से 9 अप्रैल तक सौमित्र मजूमदार ने अंतरिम रूप से इस पद का कार्यभार संभाला। अनिल कुमार जैन इससे पहले उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर में प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता के पद पर कार्यरत थे। वे भारतीय रेलवे सेवा (आईआरएसईई) के 1990 बैच के अधिकारी हैं और 1991 में रेलवे सेवा में शामिल हुए। उन्होंने पश्चिम रेलवे के राजकोट मंडल में मंडल रेल प्रबंधक के रूप में भी कार्य किया है। अपने करियर में उन्होंने दक्षिण पश्चिम रेलवे में प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी, बनारस लोकोमोटिव वर्क्स में मुख्य डिजाइन अभियंता तथा रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस (आरआईटीईएस) में महाप्रबंधक सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दी हैं। शैक्षणिक रूप से उन्होंने विक्रम विश्वविद्यालय से बी.टेक, आईआईटी दिल्ली से एम.टेक (स्वर्ण पदक) तथा मणिपाल विश्वविद्यालय से एमबीए किया है। वे जापान में हेवी हॉल ट्रांसपोर्ट सिस्टम पर प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं और गुजरात मेट्रो परियोजना के लिए रो-लिंग स्टॉक डिजाइन को अंतिम रूप देने हेतु दक्षिण कोरिया व जापान का दौरा भी कर चुके हैं।

# टीएमसी उम्मीदवार पवित्र कर ने एफआईआर रद्द करने के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व मेदिनीपुर के नंदीग्राम सीट से तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार पवित्र कर के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर राज्य की राजनीति में नया विवाद खड़ा हो गया है। शुक्रवार को पवित्र कर ने इस एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। इसके साथ ही उन्होंने संभावित कानूनी कार्रवाई से संरक्षण की भी मांग की है। सूत्रों के अनुसार, पवित्र कर ने न्यायमूर्ति अजय कुमार मुख-ोपाध्याय की पीठ के समक्ष मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की अपील की। अदालत ने उन्हें याचिका दायर करने की अनुमति दे दी है। साथ ही, मामले की शीघ्र सुनवाई की मांग भी की गई है। अदालत सूत्रों का संकेत है कि अगले सप्ताह इस पर सुनवाई हो सकती है।

इस पूरे विवाद की शुरुआत नेता प्रतिपक्ष और नंदीग्राम से भाजपा उम्मीदवार शुभेंदु अधिकारी के आरोपों से हुई। बुधवार को हल्दिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे शुभेंदु ने पवित्र कर पर निशाना साधा। भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने दावा किया कि स्क्रूटनी के दौरान उन्होंने आपत्ति नहीं जताई, हालांकि चाहें तो पवित्र का नामांकन रद्द हो सकता था। उन्होंने सवाल उठाया कि एक ही व्यक्ति दो राजनीतिक दलों का सदस्य कैसे हो सकता है। शुभेंदु अधिकारी का आरोप है कि पवित्र कर पहले भाजपा के प्रतीक पर पंचायत सदस्य बने थे, लेकिन अब तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, जो कानून के खिलाफ है। इस बयान के बाद चुनाव आयोग भी सक्रिय हो गया। बुधवार की रात आरोप सामने आने के बाद गुरुवार को चुनाव आयोग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पवित्र कर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। हालांकि, पवित्र कर ने पहले कहा था कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं थी, लेकिन बाद में उन्होंने स्पष्ट किया कि वह कानूनी रास्ता अपनाएंगे। उसी के तहत उन्होंने अब अदालत का रुख किया है।

## चुनाव से पहले हुगली बीजेपी में बड़ी टूट, भाजपा छोड़ तृणमूल में जाने की अटकलें तेज

**हुगली :** विधानसभा चुनाव से ठीक पहले हुगली जिले में बीजेपी को बड़ा झटका लगने के संकेत मिल रहे हैं। पार्टी के दिग्गज नेता और जिला उपाध्यक्ष सुरेश साव ने अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है और अब उनके अभिषेक बनर्जी की जनसभा में तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें तेज हैं। सूत्रों के मुताबिक, सुरेश साव के साथ हुगली संगठनात्मक जिले के कई बीजेपी नेता भी पार्टी छोड़ सकते हैं। बताया जा रहा है कि उम्मीदवार चयन को लेकर पार्टी के अंदर असंतोष था। चुचुड़ा सीट से सुबीर नाग को उम्मीदवार बनाए जाने से वे नाराज थे और तभी से पार्टी की गतिविधियों से दूरी बनाए हुए थे। बीजेपी की उम्मीदवार सूची जारी होने के बाद से ही वे किसी कार्यक्रम या चुनाव प्रचार में नजर नहीं आए, जिससे राजनीतिक हलकों में हलचल बढ़ गई है।

सुरेश साव को हुगली बीजेपी का एक मजबूत और जुझारू नेता माना जाता है। वे पहले संगठन के महासचिव रह चुके हैं और हाल ही में 'संकल्प यात्रा' में हावड़ा-हुगली क्षेत्र के जॉइंट कन्वेनर की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। इसके अलावा वे हुगली, श्रीरामपुर और आरामबाग क्षेत्रों में कानूनी और प्रशासनिक समन्वय की भूमिका में भी सक्रिय रहे हैं।

इस मुद्दे पर सुरेश साव ने कहा, कल क्या होगा, यह कल देखा जाएगा। बीजेपी ने मुझे जो सम्मान दिया, मैंने पूरी निष्ठा से काम किया, लेकिन अब मैं सभी जिम्मेदारियों से मुक्त हूं।

# बंगाल की तृणमूल सरकार आलू किसानों के लिए बाजार पहुंच सीमित कर रही है : प्रधान



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को पश्चिम बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए उसपर पड़ोसी राज्यों में राज्य के आलू किसानों की बाजार पहुंच को प्रतिबंधित करने का आरोप लगाया। प्रधान ने राज्य में एक चुनावी जनसभा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा की गई टिप्पणियों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि राज्य सरकार के 'अहंकार' के कारण, पश्चिम बंगाल में आलू किसान अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार ने पड़ोसी राज्यों के बाजारों तक पहुंच को प्रतिबंधित करके उनकी आजीविका को नुकसान पहुंचाया है। प्रधान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पश्चिम बंगाल के ओंडा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने आलू किसानों के 'वास्तविक दर्द' को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि ओडिशा और झारखंड जैसे पड़ोसी राज्यों के बाजार उनके लिए प्रभावी रूप से बंद हो गए हैं, जिससे उनकी कमाई प्रभावित हुई है। प्रधान ने कहा कि यह स्थिति तृणमूल कांग्रेस सरकार के किसान विरोधी रवैये को दर्शाती है, जहां बिचौलिए फल-फूल रहे हैं, जबकि आलू किसान खेतों में अपनी कड़ी मेहनत के बावजूद लगातार नुकसान का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का ध्यान किसानों के कल्याण से हटकर 'सिंडिकेट' नेटवर्क को बनाए रखने की ओर है, जिसकी वजह से आलू जैसी प्रमुख फसलों के लिए कम कीमत मिल रही है। प्रधान ने शाह द्वारा दिए गए आश्वासनों को भी दोहराया कि यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल में सरकार बनती है, तो राज्य के आलू ओडिशा और झारखंड सहित पूरे देश के बाजारों तक पहुंच सकेंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार आलू किसानों की उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करेगी और उनकी गरिमा को बहाल करेगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य में राजनीतिक परिवर्तन के बाद किसानों को उनका उचित हक मिलेगा।

# विधानसभा चुनाव : शीतलकूची की घटना से सबक, केंद्रीय सुरक्षा बलों के लिए मंगाई गईं 75 हजार लाठियां

## भीड़ नियंत्रण हेतु कम घातक तरीकों पर जोर

**कोलकाता, समाज्ञा**

विधानसभा चुनाव में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग ने एक अभूतपूर्व रणनीति अपनाई है। 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान उत्तर बंगाल के शीतलकूची में हुई हिंसक घटना और गोलीबारी से सबक लेते हुए, इस बार आयोग सुरक्षा बलों को आधुनिक हथियारों के बजाय 'लाठियों' से लैस करने पर अधिक ध्यान दे रहा है। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय बलों के जवानों के लिए विशेष रूप से 75,000 लाठियों की व्यवस्था की जा रही है। यद्यपि केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों के पास अत्याधुनिक स्वचालित हथियार होते हैं, लेकिन भीड़ नियंत्रण और उत्तेजक स्थितियों में गोलीबारी की नौबत न आए, इसके लिए लाठी को प्राथमिक बचाव उपकरण के रूप में देखा जा रहा है।

आयोग का मानना है कि अशांति फैलने की स्थिति में लाठी का उपयोग अधिक प्रभावी और कम घातक होता है। विशेष रूप से बीएसएफ और एसएसबी जैसे बलों के लिए ये लाठियां मंगाई जा रही हैं, क्योंकि सीमा सुरक्षा में तैनात इन जवानों को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठी चलाने का वैसा अभ्यास नहीं होता जैसा पुलिस या सीआरपीएफ को होता है। अब इन जवानों को लाठी चलाने का विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

## उत्तर बंगाल के जंगली क्षेत्र में सेंट्रल फोर्स के साथ वन कर्मी भी करेंगे चुनावी ड्यूटी

उत्तर बंगाल के माटीगाड़ा-नक्सलबाड़ी विधानसभा क्षेत्र में मतदान सिर्फ लोकतांत्रिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि खतरे के बीच साहस की परीक्षा बन जाता है। कई बूथ ऐसे इलाकों में स्थित हैं, जहां चारों ओर घने जंगल हैं और जंगली जानवरों का लगातार खतरा बना रहता है। कर्सियांग और महानंदा वन्यजीव अभयारण्य के वन क्षेत्रों से घिरे इन इलाकों में हाथियों के झुंड, तेंदुए, जंगली सूअर और विषैले सांपों की मौजूदगी आम बात है। इसके बावजूद मतदाताओं को मतदान के लिए इन खतरनाक रास्तों से गुजरना पड़ता है। स्थिति को देखते हुए वन विभाग ने व्यापक सुरक्षा योजना तैयार की है। मतदान से एक दिन पहले रात से ही जंगल से सटे सभी मतदान केंद्रों और गांवों में वनकर्मियों की निगरानी शुरू हो जाएगी। 24 घंटे के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल तैयार रखा जाएगा, जो किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई करेगा। वन विभाग ने संयुक्त वन प्रबंधन समितियों को भी सतर्क कर दिया है, ताकि यदि किसी भी गांव या मतदान केंद्र के आसपास जंगली जानवरों की गतिविधि दिखे, तो तुरंत सूचना दी जा सके। जंगली जानवरों को दूर रखने के लिए आवश्यक संसाधन भी पहले ही उपलब्ध करा दिए गए हैं। कुछ संवेदनशील मतदान केंद्रों पर वनकर्मियों के साथ केंद्रीय सुरक्षा बलों की भी तैनाती की जाएगी।

## प्रचार में तेजी लाने उत्तर बंगाल पहुंचेंगी ममता, नववर्ष पर सिलीगुड़ी में पदयात्रा

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव के पहले चरण से पहले तृणमूल कांग्रेस ने उत्तर बंगाल में अपनी चुनावी गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में पार्टी सुप्रीमो और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक बार फिर सिलीगुड़ी दौरे पर जा रही हैं। बताया जा रहा है कि वह बंगाली नववर्ष के दिन सिलीगुड़ी में रहकर प्रचार को नई धार देंगी। राज्य में 23 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होना है, जिसमें उत्तर बंगाल सहित कुल 152 सीटों पर चुनाव होगा। ऐसे में अंतिम समय में मतदाताओं तक पहुंच बनाने के लिए ममता बनर्जी का यह दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री सिलीगुड़ी में तृणमूल उम्मीदवार गौतम देव के समर्थन में एक पदयात्रा करेंगी। यह पदयात्रा मल्लागुड़ी इलाके से शुरू होकर हाशमीचक या बाघाजतीन पार्क तक आयोजित की जा सकती है। पिछले चुनावों में भी उन्होंने इसी मार्ग पर पदयात्रा कर स्थानीय मतदाताओं से सीधे संवाद स्थापित किया था और इस बार भी उसी रणनीति को दोहराने की तैयारी है। हालांकि उनके दौरे की तारीख लगभग तय हो चुकी है, लेकिन विस्तृत कार्यक्रम अभी घोषित नहीं किया गया है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि कार्यक्रम को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया जारी है और जल्द ही इसकी औपचारिक घोषणा की जाएगी। इस बीच, सिलीगुड़ी से तृणमूल उम्मीदवार गौतम देव ने प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री के दौरे की जानकारी दी।

# मोदी-शाह के बाद अब योगी का धुआंधार प्रचार, बंगाल में एक दर्जन कार्यक्रम

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पश्चिम बंगाल में सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बाद अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा के चुनाव प्रचार को धार देने के लिए राज्य में उतरने जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, योगी आदित्यनाथ बंगाल में करीब एक दर्जन यानी 12 चुनावी कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे और विभिन्न जिलों में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। उनके इस दौरे को भाजपा की आक्रामक चुनावी रणनीति का अहम हिस्सा माना



जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक, योगी आदित्यनाथ रविवार से अपने प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। पहले दिन उनकी बांकुड़ा जिले के पात्रसायर और पूर्व मेदिनीपुर के कांथी में हाई-वोल्टेज जनसभाएं प्रस्तावित हैं। इन सभाओं के जरिए भाजपा ग्रामीण और संवेदनशील क्षेत्रों में अपने समर्थन को मजबूत करने की कोशिश करेगी। पार्टी सूत्रों का कहना है कि आवश्यकता पड़ने पर योगी के कार्यक्रमों की संख्या और बढ़ाई जा सकती है। इससे स्पष्ट है कि केंद्रीय नेतृत्व उन्हें बंगाल चुनाव में पूरी ताकत के साथ उतारना चाहता है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, योगी आदित्यनाथ की छवि एक सख्त प्रशासक और हिंदुत्व के प्रमुख चेहरे के रूप में देखी जाती है। ऐसे में भाजपा उन्हें उन क्षेत्रों में ज्यादा सक्रिय कर रही है, जहां मजबूत राजनीतिक संदेश देने की जरूरत महसूस की जा रही है। भाजपा को उम्मीद है कि मोदी, शाह और योगी की संयुक्त रणनीति से चुनावी माहौल उसके पक्ष में जाएगा। वहीं, तृणमूल कांग्रेस भी इस आक्रामक प्रचार का मुकाबला करने के लिए अपनी रणनीति तेज कर रही है। चुनाव नजदीक आते ही पश्चिम बंगाल का राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है।

# चुनाव के बीच फिर राज्य दौरे पर उप निर्वाचन आयुक्त, पांच जिलों सहित कोलकाता की तैयारियों की समीक्षा

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में जारी विधानसभा चुनाव के बीच निर्वाचन आयोग ने तैयारियों की समीक्षा तेज कर दी है। इसी क्रम में वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश भारती एक बार फिर राज्य दौरे पर आ रहे हैं। वह आगामी सोमवार को दुर्गापुर पहुंचेंगे और तीन दिनों तक विभिन्न जिलों का दौरा कर चुनावी तैयारियों का जायजा लेंगे।

सूत्रों के अनुसार, उनके साथ दो अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी रहेंगे। यह टीम दिल्ली से सीधे अंडाल हवाई अड्डे पहुंचेगी, जहां से सड़क मार्ग से विभिन्न जिलों का दौरा करेगी। अपने कार्यक्रम के तहत वह पश्चिम बर्धमान, पूर्व बर्धमान, हुगली, उत्तर 24 परगना और कोलकाता में चुनाव तैयारियों की समीक्षा करेंगे।



बताया गया है कि सोमवार को केवल पश्चिम बर्धमान जिले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जाएगा। इसके बाद दूसरे दिन पूर्व बर्धमान और हुगली जिलों की समीक्षा होगी। बुधवार को टीम पहले उत्तर 24 परगना जाएगी और फिर मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के साथ बैठक कर उसी रात दिल्ली लौट जाएगी।

इधर, उत्तर बंगाल के लिए भी निर्वाचन आयोग ने एक अलग टीम भेजने का निर्णय लिया है। यह टीम 13 अप्रैल को बागडोगरा हवाई अड्डे पहुंचकर अलीपुरद्वार जाएगी, जहां मतदाता जागरूकता कार्यक्रम और मीडिया गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी।

इसके बाद 14 अप्रैल को अलीपुरद्वार से कूचबिहार होते हुए जलपाईगुड़ी में बैठकें होंगी। 15 अप्रैल को जलपाईगुड़ी और कालिम्पोंग में कार्यक्रम निर्धारित हैं, जबकि 16 अप्रैल को कालिम्पोंग से दार्जिलिंग में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। 17 अप्रैल को टीम दार्जिलिंग से दिल्ली लौटेगी।

निर्वाचन आयोग का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना है, जिसके लिए सभी जिलों की तैयारियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

## आचार संहिता के बीच पुनर्नियुक्ति पर विवाद, दमकल विभाग ने रद्द किया नोटिस

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव से पहले लागू आदर्श आचार संहिता के बीच दमकल विभाग द्वारा सेवानिवृत्त कर्मियों की पुनर्नियुक्ति संबंधी जारी विज्ञप्ति विवादों में घिर गई। बढ़ते विवाद के बाद विभाग ने उक्त नोटिस को रद्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार, 9 अप्रैल को दमकल विभाग की ओर से एक विज्ञप्ति जारी कर पिछले पांच वर्षों में सेवानिवृत्त हुए फायर ऑपरेटर कम इंजन ड्राइवरों से पुनः सेवा में लौटने की इच्छा जताने वालों की सूची मांगी गई थी। यह पत्र राज्य के 11 जिलों के डिविजनल अधिकारियों को भेजा गया था। साथ ही निर्देश दिया गया था कि इच्छुक सेवानिवृत्त कर्मी तीन दिनों के भीतर आवश्यक दस्तावेज जमा करें। हालांकि, चुनावी आचार संहिता लागू होने के दौरान इस तरह की पुनर्नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने पर सवाल उठने लगे। राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में इसे लेकर विवाद तेज हो गया। इसके बाद दमकल विभाग ने सफाई देते हुए कहा कि विवाद को देखते हुए विज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक, दमकल सेवाओं में कर्मियों की भारी कमी है। फायर ऑपरेटर कम इंजन ड्राइवर के स्वीकृत 1400 पदों के मुकाबले वर्तमान में केवल 770 कर्मचारी कार्यरत हैं। इसी कमी को दूर करने के उद्देश्य से पुनर्नियुक्ति का प्रस्ताव लाया गया था। हालांकि, चुनावी नियमों के मद्देनजर फिलहाल इस प्रक्रिया को रोक दिया गया है।

## मतदान में शांति सुनिश्चित करने को कड़ी निगरानी, हर 10 बूथ पर तैनात होगी क्यूआरटी

**कोलकाता :** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए निर्वाचन आयोग ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने का निर्णय लिया है। संभावित अशांति को रोकने के लिए राज्य में हर 10 मतदान केंद्रों पर एक क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) तैनात की जाएगी। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इन क्यूआरटी वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग प्रणाली लगाई जाएगी, जिससे उनकी गतिविधियों और लोकेशन पर रियल-टाइम नजर रखी जा सके। इसके साथ ही वाहनों में 360 डिग्री व्यू कैमरे भी लगाए जा रहे हैं, जो चारों दिशाओं की स्थिति पर एक साथ निगरानी रखने में सक्षम होंगे। निर्वाचन आयोग ने तकनीक के उपयोग पर विशेष जोर दिया है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या हिंसा की आशंका होने पर तुरंत वेब कास्टिंग के जरिए संबंधित बूथ की स्थिति कंट्रोल रूम तक पहुंचाई जाएगी। इससे अधिकारियों को तुरंत स्थिति का आकलन कर आवश्यक कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। बताया गया है कि मतदान के दौरान हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने के लिए कंट्रोल रूम को अत्याधुनिक संसाधनों से लैस किया गया है। इस पूरी व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाना है। निर्वाचन आयोग का मानना है कि सुरक्षा के इन सख्त इंतजामों और आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से मतदान के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था को रोका जा सकेगा और मतदाता निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।


**हावड़ा मंडल में रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न खंडों में रखरखाव कार्य के लिए, **दिनांक 12.04.2026 (रविवार)** को दिन के समय निम्नानुसार ब्लॉक आवश्यक होगा: (1) उत्तरपाड़ा-कोन्नगर खंड में रिवर्स लाइन पर 12.00 बजे से 15.00 बजे तक। (2) भद्रेश्वर-सेवड़ाफुली खंड में रिवर्स लाइन पर 11.45 बजे से 14.45 बजे तक। (3) भट्ट नगर-सीसीएल (डब्ल्यू) खंड में अप एसीसीएल लाइन पर 10.00 बजे से 13.00 बजे तक। (4) बारुईपाड़ा स्टेशन सीमा पर डाउन हावड़ा-बर्द्धमान कॉर्ड लाइन 1 पर 10.40 बजे से 13.40 बजे तक, (5) चेराग्राम ब्लॉक हट-बेलमुड़ी खंड में रिवर्स लाइन पर 10.25 बजे से 13.25 बजे तक। (6) पल्लारोड-शक्तिगढ़ खंड में रिवर्स लाइन पर 10.15 बजे से 13.15 बजे तक। (7) बर्द्धमान-तालित खंड में डाउन 1 लाइन पर 09.50 बजे से 12.50 बजे तक, (8) नबद्वीप धाम-पूर्बस्थली खंड में अप लाइन पर 11.05 बजे से 14.05 बजे तक, (9) जिराट-गुप्तिपाड़ा खंड में अप लाइन पर 10.30 बजे से 13.30 बजे तक, (10) बाजारसौ-टेंया खंड में डाउन लाइन पर 11.30 बजे से 14.30 बजे तक, (11) तोकिपुर स्टेशन सीमा पर अप लाइन पर 10.15 बजे से 12.15 बजे तक, (12) अंबाजोड़ा शिकारीपाड़ा-कुरुवा सिंगल लाइन खंड में 11.20 बजे से 14.20 बजे तक।

परिणामस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा:

● **ट्रेनों का निरस्तीकरण (दिनांक 12.04.2026 को): हावड़ा से –** 37235 हावड़ा-बैण्डेल लोकल, 37241 हावड़ा-बैण्डेल लोकल, 37243 हावड़ा-बैण्डेल लोकल, 37249 हावड़ा-बैण्डेल लोकल, 37251 हावड़ा-बैण्डेल लोकल, 37253 हावड़ा-बैण्डेल लोकल, 37651 हावड़ा-मेमारी गैलोपिंग लोकल, 37655 हावड़ा-मेमारी लोकल, 37829 हावड़ा - बर्द्धमान लोकल (मेन लाइन होकर), 36823 हावड़ा - बर्द्धमान लोकल (कॉर्ड लाइन होकर), 36825 हावड़ा - बर्द्धमान लोकल (कॉर्ड लाइन होकर), 36827 हावड़ा - बर्द्धमान लोकल (कॉर्ड लाइन होकर), 36829 हावड़ा-बर्द्धमान लोकल (कॉर्ड लाइन होकर), 36831 हावड़ा-बर्द्धमान लोकल (कॉर्ड लाइन होकर), 36031 हावड़ा - चंदनपुर लोकल, 36033 हावड़ा-चंदनपुर लोकल और 37915 हावड़ा-कटवा लोकल। **बर्द्धमान से –** 37836 बर्द्धमान-हावड़ा लोकल (मेन लाइन होकर), 36832 बर्द्धमान-हावड़ा लोकल (कॉर्ड लाइन होकर), 36834 बर्द्धमान-हावड़ा लोकल (कॉर्ड लाइन होकर), 36836 बर्द्धमान-हावड़ा लोकल (कॉर्ड लाइन होकर), 36838 बर्द्धमान-हावड़ा लोकल (कॉर्ड लाइन होकर), 36840 बर्द्धमान-हावड़ा लोकल (कॉर्ड लाइन होकर), 63517 बर्द्धमान-आसनसोल मेमू और 63521 बर्द्धमान-आसनसोल मेमू। **बैण्डेल से –** 37236 बैण्डेल-हावड़ा लोकल, 37240 बैण्डेल-हावड़ा लोकल, 37242 बैण्डेल-हावड़ा लोकल, 37246 बैण्डेल-हावड़ा लोकल, 37248 बैण्डेल-हावड़ा लोकल और 37250 बैण्डेल-हावड़ा लोकल। **मेमारी से –** 37652 मेमारी-हावड़ा गैलोपिंग लोकल और 37656 मेमारी-हावड़ा लोकल। **चंदनपुर से –**36034 चंदनपुर-हावड़ा लोकल और 36032 चंदनपुर-हावड़ा लोकल। **आसनसोल से –** 63514 आसनसोल-बर्द्धमान मेमू और 63516 आसनसोल-बर्द्धमान मेमू। **कटवा से –** 37924 कटवा-हावड़ा गैलोपिंग लोकल, 35061 कटवा-आजिमगंज ईएमयू पैसेंजर और 53011 कटवा-आजिमगंज पैसेंजर। **आजिमगंज से –** 53014 आजिमगंज-कटवा पैसेंजर और 35062 आजिमगंज-कटवा ईएमयू पैसेंजर। ● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू (दिनांक 12.04.2026 को):** (1) 63520 बोकारो स्टील सिटी-बर्द्धमान मेमू ट्रेन आसनसोल में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। (2) 63519 बर्द्धमान-बोकारो स्टील सिटी मेमू ट्रेन आसनसोल से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। ● **ट्रेनों का पुनर्निर्धारण (दिनांक 12.04.2026 को)** -(1) 63081 रामपुरहाट - जसीडीह मेमू 90 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी यानी रामपुरहाट से 13.55 बजे प्रस्थान करेगी। (2) 63142 गोड्डा-सियालदह मेमू 120 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी यानी गोड्डा से 11.45 बजे प्रस्थान करेगी। ● **ट्रेनों का नियंत्रण (दिनांक 12.04.2026 को):** (1) 13016 जमालपुर-हावड़ा कवि गुरु एक्सप्रेस को मालदा मंडल में मार्ग में 140 मिनट के लिए नियंत्रित किया जाएगा। (2) 53016 आजिमगंज-कटवा पैसेंजर को मार्ग में 30 मिनट के लिए नियंत्रित किया जाएगा।

**ब्लॉक से पहले अंतिम ट्रेन और ब्लॉक के बाद पहली ट्रेन**

| खंड | ब्लॉक से पहले अंतिम ट्रेन | ब्लॉक के बाद पहली ट्रेन |
|---|---|---|
| जिराट-पूर्बस्थली/ अप मेन लाइन | 31111 सियालदह-कटवा गैलोपिंग लोकल (सियालदह प्रस्थान 08.05 बजे) | 37917 हावड़ा-कटवा लोकल (हावड़ा प्रस्थान 12.10 बजे) |
| बाजारसौ-टेंया/ डाउन मेन लाइन | 63008 रामपुरहाट-कटवा मेमू (रामपुरहाट प्रस्थान 08.30 बजे) | 53016 आजिमगंज-कटवा पैसेंजर (आजिमगंज प्रस्थान 13.15 बजे) |
| अंबाजोड़ा शिकारीपाड़ा-कुरुवा सिंगल लाइन | 13046 देवघर-हावड़ा मयूराक्षी एक्सप्रेस/ 22309 हावड़ा-जमालपुर वंदे भारत एक्सप्रेस | 13016 जमालपुर-हावड़ा कवि गुरु एक्सप्रेस /63081 रामपुरहाट-जसीडीह मेमू (रामपुरहाट प्रस्थान 12.25 बजे) |

**विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेन और कोई भी नई चालू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, को सुविधानुसार मार्ग में नियंत्रित/मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**Format C-7 (for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)**

**Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.**

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in Contempt Petition (C) No. 2192 of 2018 in Writ Petition (C) No. 536 of 2011)

**Name of Political Party:** ALL INDIA SECULAR FRONT **Name of the Election:** General Election to the Legislative Assembly, 2026 **Name of State/UT:** West Bengal

| SL. No. | | |
|---|---|---|
| 1 | **Name of Candidate** | HAZRAT ALI |
| | **Constituency** | 294 – MURARAI |
| (a) | Nature of the offences | Two pending cases under BNS – Allegations of leading of rioting, causing bodily harm and physical assault |
| (b) | Case no. | 1. Murarai P.S. Case No. 89/2025 dated 12.10.2025; G.R. Case No. 2157/2025 2. Murarai P.S. Case No. 08/2025 |
| (c) | Court | Pending before Ld. A.C.J.M, Rampurhat, Birbhum (both cases) |
| (d) | Charges framed | NO |
| (e) | Conviction date | NA |
| (f) | Punishment | NA |
| (g) | Other info | Charges have not been framed in either case |
| 2. | Selection reasons | HAZRAT ALI is an experienced local leader with strong grassroots connect in Murarai constituency. His commitment to public service and understanding of local issues make him the most suitable candidate. Selection is based on merit and ability to represent the people effectively. |
| 3. | Why not others | After careful evaluation of all aspirants, no other individual matched the level of community acceptance and proven public service record possessed by the selected candidate. |

**Note:** This information is as per the candidate's affidavit and C-1 declaration. There are two pending criminal cases and no cases of conviction. Charges have not been framed in any of the pending cases.

This declaration is being published as required under the Hon'ble Supreme Court's directions.

**Signature of Candidate** HAZRAT ALI

**Signature of Authorised Office Bearer** All India Secular Front



Format C-7

**Sl. No. 4B; Darjeeling, Ac 25. Matigara; Phase-1; Date of Election 23rd April 2026**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party : Communist Party of India (Marxist)
Name of the Election : West Bengal Legislative Assembly Election – 2026
Name of State/UT : West Bengal
(1) Name of the Constituency: 25- MATIGARA NAXALBARI
Name of the candidate : JHAREN ROY

| | | |
|---|---|---|
| Sl. No 1. Criminal antecedents | **a. Nature of the offences:** (i) Rioting, unlawful assembly; Deter public servant. (147/148/149/353/323/427/342 of IPC) (ii) Unlawful assembly, Wrongful restraint, Outrage of modesty, criminal intimidation, common intention. (143/341/354/32/506/340 of IPC) (iii) Criminal breach of trust, creating commotion, wrongful restraint etc. (406/420/34 of IPC) (iv) Criminal breach of trust etc. (406/420 of IPC) | |
| | **b. Case no.:** (i) GR NO. 783/1987; (ii). GR NO. 2960/2015; (iii) NAXALBARI PS CASE NO. 48/2023; (iv). NAXALBARI PS CASE NO. 49/2023 | |
| | **c. Name of the Court:** (i) Ld. A.C.J.M. at Siliguri; (ii) Ld. J.M 2ND Court at Siliguri; (iii) Ld. A.C.J.M. at Siliguri; (iv) Ld. A.C.J.M. at Siliguri | |
| | d. Whether charges have been framed or not (Yes/No) | NO |
| | e. Date of conviction, if any | NIL |
| | f. Details of punishment undergone, if any | NIL |
| | g. Any other information required to be given | NO |
| 2 | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | The cases were framed out of political revenge by ruling party and there is no merit of the cases and in most of the cases, charges were not yet framed. Candidate's achievements and integrity have been transparently evaluated including qualifications. |
| 3 | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | They lacked the required combination of local experience, credentials and ideological commitment. |

**Sd/- Md. Salim**

**Secretary, West Bengal State Committee; Communist Party of India (Marxist)**

# हमारी सरकार आएगी तो महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे : प्रधानमंत्री मोदी

❑ **कहा, यह लड़ाई भय को पराजित करने और बंगाल को विश्वास के साथ आगे ले जाने की है**

❑ **टीएमसी ने फुटबॉल का खेल भी अपने गिरोहों को सौंप दिया है**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सिलीगुड़ी में भव्य रोड शो, समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी

**कुशमंडी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोलते हुए उस पर पश्चिम बंगाल को सिंडिकेट द्वारा संचालित राज्य में बदलने का आरोप लगाया और भाजपा के सत्ता में आने पर महिलाओं के खिलाफ अत्याचारों पर कार्रवाई का वादा किया। बांग्लादेश की सीमा से लगे दक्षिण दिनाजपुर जिले के कुशमंडी में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने पिछले दिसंबर में अर्जेंटीना के फुटबॉल दिग्गज लियोनेल मेस्सी की कोलकाता यात्रा के दौरान हुई गड़बड़ी का जिक्र करते हुए कहा कि टीएमसी ने फुटबॉल का खेल भी अपने गिरोहों को सौंप दिया है। उन्होंने कहा, पूरी दुनिया ने उन शर्मनाक तस्वीरों को देखा। टीएमसी ने फुटबॉल को भी अपने सिंडिकेट के हवाले कर दिया है। राज्य को अराजकता का पर्याय बताते हुए मोदी ने कहा, पश्चिम बंगाल में सिंडिकेट ही सरकार है और सरकार ही सिंडिकेट है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2026 के विधानसभा चुनाव टीएमसी के डर और भाजपा के भरोसे के बीच एक मुकाबला होगा। उन्होंने कहा, यह लड़ाई भय को पराजित करने और पश्चिम बंगाल को विश्वास के साथ आगे ले जाने की है। टीएमसी की लूट और झूठ की दुकान बंद होने वाली है। पश्चिम बंगाल से भय का अंत होगा और विश्वास का द्वार खुलेगा। महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर सत्ताधारी पार्टी को निशाना बनाते हुए मोदी ने वादा किया कि राज्य में भाजपा सरकार पुराने मामलों को फिर से खोलेगी। उन्होंने कहा, हम टीएमसी शासन के दौरान महिलाओं के खिलाफ हुए हर अत्याचार की फाइलें फिर से खोलेंगे। हम बलात्कार के हर मामले की फाइलें फिर से खोलेंगे और हर मामले में जवाबदेही सुनिश्चित करेंगे। यह मोदी की गारंटी है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और हत्या का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोग, किसी भी राजनीतिक दल के प्रति निष्ठा न रखते हुए, विरोध प्रदर्शन में एकजुट हो गए थे। उन्होंने कहा, मोहन बागान सुपर जायंट और ईस्ट बंगाल मैदान पर एक-दूसरे से भिड़ते हैं। लेकिन आरजी कर की घटना के बाद दोनों सड़कों पर कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हुए। ठीक उसी तरह, पश्चिम बंगाल को भी एकजुट होकर टीएमसी सरकार को सबक सिखाना होगा। मोदी ने टीएमसी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हालिया राज्य दौरे के दौरान उनका अपमान करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया, माननीय राष्ट्रपति का अपमान करके टीएमसी ने महिलाओं, आदिवासियों और देश की जनता का अपमान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ने आदिवासी समुदायों को माओवाद के खतरे से मुक्त कराया है, टीएमसी पर आदिवासी विरोधी होने का आरोप लगाया और देश से घुसपैठियों को निकालने का वादा किया। उन्होंने यह भी कहा कि अगर पश्चिम बंगाल में भाजपा सत्ता में आती है, तो मतुआ और नामशूद्र समुदायों के शरणार्थियों को सीएए के तहत नागरिकता दी जाएगी, जबकि महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।

# मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ईवीएम में हेराफेरी की साजिश का लगाया आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा**




भाजपा पर ईवीएम में हेराफेरी की साजिश का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि वे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव नहीं चाहते। मतगणना के दिन वे उन सीट के नतीजे पहले घोषित करने की कोशिश करेंगे, जहां भाजपा आगे होगी, जबकि जहां तृणमूल आगे होगी, वहां गिनती धीमी की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद, वे लाइट बंद कर जनादेश के साथ छेड़छाड़ करेंगे। भाजपा को एक इंच भी जगह मत दीजिए-ईवीएम की पूरी तरह और बारीकी से जांच कीजिए।

❑ **ममता ने भाजपा के महिलाओं को आरक्षण नहीं देने के दावे का नकारा**

झाड़ग्राम में एक अन्य रैली में बनर्जी ने चुनाव के दौरान काले धन के इस्तेमाल के प्रयासों का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय वे महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की बात करते हैं, लेकिन अपनी पार्टी में महिलाओं का प्रतिनिधित्व क्या है? उन्होंने यह वादा पहले क्यों नहीं निभाया? उन्होंने दावा किया कि तृणमूल ने महिलाओं को 37 प्रतिशत से अधिक प्रतिनिधित्व दिया है और कई क्षेत्रों में यह 50 प्रतिशत तक है। भाजपा पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि महिला पहलवानों का क्या हुआ? उन्नाव और हाथरस में क्या हुआ?

❑ **'मोदी-शाह प्रवासी पक्षियों की तरह'**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि वे केवल चुनाव के समय ही राज्य में आते हैं। ममता ने कहा कि वे प्रवासी पक्षियों की तरह हैं। प्राकृतिक आपदाओं के समय वे क्यों नहीं दिखते? मतदान के दिन झारखंड से लोगों को लाए जाने की आशंका जताते हुए उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर सतर्कता बरतने को कहा।

❑ **तबादले को लेकर साधा निशाना**

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि स्थानीय इलाकों से परिचित अधिकारियों का तबादला कर उनकी जगह बाहरी लोगों को नियुक्त किया गया है ताकि भाजपा को मदद मिल सके। ममता ने कहा कि वे सभी को धमका रहे हैं। बंगाल से करीब 500 प्रशासनिक अधिकारियों का तबादला किया गया है, लेकिन इससे हमारी किसी भी सामाजिक कल्याण योजना में देरी नहीं हुई है।

❑ **भाजपा शासित राज्यों में खान-पान पर पाबंदियों का आरोप**

भाजपा शासित राज्यों में खान-पान पर पाबंदियों का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि किसने उन्हें हमारे मांस, मछली और अंडे खाने के तरीके पर अपना हुक्म थोपने का अधिकार दिया? उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि परिसीमन के पीछे भाजपा का असली एजेंडा लोगों को निरुद्ध शिविरों में भेजना है।

# बंगाल में महिला मुख्यमंत्री फिर भी असुरक्षित बेटियां : रेखा गुप्ता

❑ **कहा... 'अब सोनार बांग्ला बनाने का समय आ गया, जनता बदलाव के मूड में'**

❑ **दिल्ली की सीएम ने रानीगंज में जनसभा को किया संबोधित, ममता सरकार को घेरा**

**आसनसोल :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राज्य में चुनावी रैलियों के दौरान महिला सुरक्षा के मुद्दे पर ममता सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद राज्य में बेटियां सुरक्षित महसूस नहीं कर रहीं, जो बेहद चिंताजनक है। रेखा गुप्ता ने शनिवार को आसनसोल के रानीगंज और गलसी विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध गंभीर चिंता का विषय हैं। जब एक महिला मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भी बेटियां खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहीं, तो यह सरकार की नाकामी को दिखाता है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर ये किस तरह का शासन मॉडल है, जहां महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही।



❑ **महिलाओं ने सुनाई तकलीफें**

रानीगंज में उन्होंने स्थानीय महिलाओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। महिलाओं ने क्षेत्र में बढ़ते अपराध, असुरक्षा और भ्रष्टाचार के मुद्दे उठाए। इस पर, सीएम ने भरोसा दिलाया कि अगर भाजपा की सरकार बनती है, तो महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता दी जाएगी। रेखा गुप्ता ने कहा कि बंगाल अब भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और गुंडाराज से परेशान हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार में योग्य युवाओं को रोजगार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, जबकि गलत तत्वों को बढ़ावा मिल रहा है।

❑ **'सोनार बांग्ला बनाने का वक्त आ गया'**

उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल सरकार बदलने का नहीं, बल्कि राज्य की पहचान और सम्मान को वापस लाने का मौका है। सोनार बांग्ला के संकल्प का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि बंगाल फिर से विकास और सुशासन की राह पर आगे बढ़े। रानीगंज में कोयला खदानों पर माफिया के कब्जे का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने सख्त कार्रवाई की जरूरत बताई। वहीं, गलसी में उन्होंने विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मुद्दों पर योजनाओं का जिक्र किया।

## ब्रत्य बसु की संपत्ति पांच साल में बढ़कर 4.41 करोड़ रुपये हुई : चुनावी हलफनामा

**कोलकाता :** सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार एवं पश्चिम बंगाल की निवर्तमान सरकार में शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु की कुल संपत्ति पांच वर्षों में बढ़कर 4.41 करोड़ रुपये हो गई है। बसु ने यह जानकारी राज्य विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र के साथ दाखिल हलफनामा में दी है। दस्तावेज के मुताबिक, 2021 में बसु के पास कुल 3.08 करोड़ रुपये की संपत्ति थी, जिसमें 2.08 करोड़ रुपये की चल और एक करोड़ रुपये की अचल संपत्ति शामिल थी। हलफनामे के अनुसार, बसु के आय में गत पिछले पांच वित्तीय वर्षों में लगातार वृद्धि हुई है। उनकी आय 2020-21 में 4,91,580 रुपये से बढ़कर 2024-25 में 25,63,730 रुपये हो गई। दमदम सीट से तृणमूल के उम्मीदवार बसु के पास 3.16 करोड़ रुपये की चल संपत्ति है। उनके पास शहर के लेक टाउन इलाके में 2,500 वर्ग फुट का एक फ्लैट भी है, जिसकी कीमत उन्होंने 1.25 करोड़ रुपये बताई है। बसु ने अपनी आय के स्रोतों के रूप में विधायक के रूप में वेतन और भत्ते, अभिनय और निर्देशन से होने वाली आय तथा सहायक प्रोफेसर के रूप में अपने पिछले पद से प्राप्त पेंशन की घोषणा की है। उन्होंने हलफनामे में दावा किया है कि उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है।

# चुनाव से पहले फिर पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल, डीआईजी से इंस्पेक्टर स्तर तक 30 अधिकारियों के तबादले

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने शनिवार को पुलिस महकमे में बड़े पैमाने पर फेरबदल करते हुए डीआईजी से लेकर इंस्पेक्टर स्तर तक कुल 30 अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। कोलकाता पुलिस में जॉइंट कमिश्नर (क्राइम) के अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे रूपेश कुमार की जगह अब सोमा दास मित्रा को नियुक्त किया गया है, जो पहले राज्य पुलिस के सीआईडी में डीआईजी के पद पर तैनात थीं। इसी तरह, कोलकाता पुलिस के जॉइंट कमिश्नर (हेडक्वार्टर) मिराज खालिद को हटाकर उनकी जगह राज्य पुलिस के डीआईजी (पर्सनल) रहे सुदीप सरकार को जिम्मेदारी दी गई है। जॉइंट कमिश्नर (इंटेलिजेंस) सौम्य रॉय को भी हटाकर उनकी जगह राज्य पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स में डीआईजी रहीं देब्स्मिता दास को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, आयोग ने कोलकाता पुलिस और अन्य पुलिस कमिश्नरेट में डिप्टी कमिश्नर स्तर के सात अधिकारियों का भी तबादला किया है। मनीष जोशी को भांगड़ के डिप्टी कमिश्नर के रूप में सैकत घोष की जगह जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, वीएसआर अनंतनाग को कोलकाता पुलिस के डिप्टी कमिश्नर (साउथ) के पद पर दीपक सरकार की जगह नियुक्त किया गया है। प्रशांत चौधरी, सैकत घोष और प्रदीप कुमार यादव को क्रमशः डिप्टी कमिश्नर (ईस्ट), (साउथ-ईस्ट) और (नॉर्थ) के पदों पर तैनात किया गया है। इसके साथ ही राज्य के विभिन्न पुलिस जिलों और कमिश्नरेट में भी कई अन्य बदलाव किए गए हैं। वरिष्ठ और मध्यम स्तर के अधिकारियों के अलावा आयोग ने 18 इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों का भी तबादला किया है।

## राज्य के तीन आईपीएस अधिकारियों को चुनावी ड्यूटी पर तमिलनाडु जाने का निर्देश

चुनाव आयोग ने राज्य के तीन आईपीएस अधिकारियों को चुनावी ड्यूटी पर तमिलनाडु जाने का निर्देश दिया है। कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार और दो पूर्व पुलिस अधीक्षकों धृतिमान सरकार व भास्कर मुखर्जी को तमिलनाडु विस चुनाव के लिए पुलिस पर्यवेक्षक बनाया गया है। बता दें कि आगामी 23 अप्रैल को बंगाल के साथ तमिलनाडु में भी वोटिंग होगी। आयोग ने तिरुनेलवेली की ड्यूटी सुप्रतिम सरकार को दी है। धृतिमान सरकार व भास्कर मुखर्जी को क्रमश: कृष्णागिरी व मैलादुथुराई जिलों की ड्यूटी दी गई है। आयोग ने उन्हें अगले दो-तीन दिनों में वहां पहुंचकर प्रभार संभालने का निर्देश दिया है। मालूम हो कि सुप्रतिम सरकार ने चिकित्सा कारणों का हवाला देकर उन्हें तमिलनाडु नहीं भेजने का अनुरोध किया था, जिसे आयोग ने सिरे से खारिज कर दिया।

# अभिषेक बनर्जी ने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को भाजपा की 'एजेंसी' बताया

❑ **सत्ता में वापसी के एक महीने के भीतर मताधिकार से वंचित नागरिकों के मतदान अधिकारों को बहाल करने का वादा**

**मुर्शिदाबाद :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दो राजनीतिक नेताओं को भाजपा की 'एजेंसी' करार दिया तथा सत्ता में वापसी के एक महीने के भीतर मताधिकार से वंचित नागरिकों के मतदान अधिकारों को बहाल करने का वादा किया। रेजिनगर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अभिषेक ने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी और एजेयूपी अध्यक्ष हुमायूं कबीर मुर्शिदाबाद जिले में लोगों को कमजोर करने और भाजपा को मजबूत करने के लिए काम करने वाली तीन 'एजेंसियां' हैं। उन्होंने कुमार पर मतदाता सूची में तार्किक विसंगतियों की आड़ में गरीबों के 'मतदान अधिकार छीनने' का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि तृणमूल कांग्रेस के कमजोर होने पर पार्टी से कहीं अधिक नुकसान गरीबों को होगा। अभिषेक ने कहा कि 'अगर तृणमूल इस क्षेत्र में कमजोर होती है तो आपको (स्थानीय लोगों को) होने वाला नुकसान तृणमूल को होने वाले नुकसान से कहीं अधिक होगा।

❑ **हुमायुं कबीर पर साधा निशाना**

उन्होंने कबीर पर तीखा हमला बोला और एक वायरल वीडियो का हवाला दिया, जिसमें कथित तौर पर आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) प्रमुख की तरह दिख रहा व्यक्ति तृणमूल कांग्रेस को बंगाल से अपदस्थ करने के लिए कथित तौर पर भाजपा के साथ 1,000 करोड़ रुपये के समझौते की बात करता दिखता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पैसा मुर्शिदाबाद की माताओं और भाइयों के लिए नहीं, सड़कों के लिए नहीं, आवास के लिए नहीं, बल्कि अपनी जेब में डालने के लिए है। उन्होंने दावा किया कि कथित वीडियो में कबीर मुसलमानों को 'बहुत मूर्ख' और आसानी से गुमराह होने वाला बता रहे हैं। कबीर के इस दावे को खारिज करते हुए कि वीडियो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा बनाया गया है, अभिषेक ने पूछा कि अगर ऐसा है तो एजेयूपी के प्रदेश अध्यक्ष पीरजादा खोबायब अमीन ने इस्तीफा क्यों दिया। उन्होंने पूछा कि और एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी ने आपका साथ क्यों छोड़ा? अभिषेक ने कबीर के पिछले राजनीतिक रुख का भी जिक्र करते हुए पूछा कि 2019 में भाजपा में शामिल होने में उन्हें कोई आपत्ति क्यों नहीं थी, जिसने 1992 में बाबरी मस्जिद को गिराया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में एजेयूपी अब भाजपा के इशारे पर काम कर रही है। तृणमूल नेता ने दावा किया कि कबीर बाद में तृणमूल में शामिल हुए और उनसे (बनर्जी से) मुलाकात करके कहा था कि वह मुर्शिदाबाद में (प्रस्तावित बाबरी मस्जिद के लिए) केवल ईंटें रखेंगे तथा फिर उन्हें फेंक देंगे। उन्होंने कहा कि मैंने कबीर से कहा कि तृणमूल धर्म की राजनीति नहीं करती। भाजपा राम मंदिर की राजनीति कर रही है और आप बाबरी मस्जिद की राजनीति कर रहे हैं। इसमें क्या फर्क है? अगर आपको बाबरी मस्जिद बनानी है, तो बनाइए। आप राजनीति से संन्यास ले लीजिए। दोनों एक साथ नहीं हो सकते। बनर्जी ने व्यापक सांठगांठ का आरोप लगाते हुए अधीर रंजन चौधरी, आईएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी, असदुद्दीन ओवैसी और हुमायूं कबीर को चुनौती दी कि यदि उनका भाजपा से कोई संबंध नहीं है तो वे केंद्रीय सुरक्षा कवर छोड़ दें।



❑ **विपक्षी गठबंधनों को बताया 'सड़े हुए आलू, प्याज और बैंगन'**

उन्होंने कहा कि आप इस देश के नागरिक हैं, इस राज्य के नागरिक हैं। किसी को भी चिंतित या घबराने की जरूरत नहीं है। विपक्षी गठबंधनों पर अपना हमला तेज करते हुए उन्होंने कांग्रेस, माकपा और अन्य दलों की तुलना 'सड़े हुए आलू, प्याज और बैंगन' से बने ऐसे भोजन से की जिससे पेट खराब हो सकता है। उन्होंने ने कहा कि उन्होंने जिले के विकास की व्यक्तिगत जिम्मेदारी ली है।

# मुर्शिदाबाद में शांतनु ठाकुर के काफिले की ट्रैक्टर से टक्कर, केंद्रीय मंत्री बाल-बाल बचे

**मुर्शिदाबाद :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में शामिल होने जा रहे केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर का काफिला शनिवार को मुर्शिदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बहरमपुर थाना क्षेत्र के बलरामपुर इलाके में काफिले की एक गाड़ी की ट्रैक्टर से जोरदार टक्कर हो गई, जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि काफिले की गाड़ी को भी नुकसान पहुंचा। जिस वाहन से टक्कर हुई, उसमें मंत्री के सुरक्षा कर्मी सवार थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित करते हुए जांच शुरू कर दी। प्राथमिक जांच में हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए ट्रैक्टर चालक से पूछताछ की जा रही है। यह भी देखा जा रहा है कि दुर्घटना तकनीकी खराबी के कारण हुई या मानवीय चूक की वजह से। हालांकि, राहत की बात यह रही कि केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर इस हादसे में पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्हें कोई चोट नहीं आई। लेकिन घटना के बाद इलाके में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया।



# शुभेंदु अधिकारी ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र, संविदा कर्मियों की तैनाती पर उठाए सवाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनावी माहौल के बीच विपक्ष के नेता और भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग से हस्तक्षेप की अपील करते हुए आरोप लगाया है कि दक्षिण 24 परगना जिले के कस्बा विधानसभा क्षेत्र में चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। शुभेंदु अधिकारी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि बयान में कहा कि 149-कस्बा विधानसभा क्षेत्र में सेक्टर ऑफिसर और असिस्टेंट के रूप में कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है, जो नियमों के खिलाफ है। उनका आरोप है कि यह नियुक्ति जिला प्रशासन द्वारा एक सुनियोजित साजिश के तहत की गई है। उन्होंने लिखा कि जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नुकसान पहुंच सकता है।

इस संबंध में रिटर्निंग ऑफिसर पूर्णिमा दे द्वारा 10 अप्रैल 2026 को जारी आदेश (मेमो नंबर 93) का भी उल्लेख किया गया है। शुभेंदु अधिकारी ने बताया कि जिन कर्मचारियों को सेक्टर असिस्टेंट के रूप में नियुक्त किया गया है, वे पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत आईएसजीपीपी सेल में कॉन्ट्रैक्ट पर कार्यरत हैं और वर्तमान में जिला परिषद से जुड़े हुए हैं। जबकि, चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, संवेदनशील चुनावी ड्यूटी में केवल स्थायी सरकारी कर्मचारियों की ही तैनाती की जानी चाहिए, ताकि निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। वहीं, इस मामले में एक और विवादित पहलू यह सामने आया है कि सेक्टर असिस्टेंट और असिस्टेंट सेक्टर ऑफिसर जैसे पदनामों का इस्तेमाल किया गया है, जो चुनाव आयोग की मानक संरचना में शामिल नहीं हैं। शुभेंदु अधिकारी का आरोप है कि पहले इन्हीं कर्मचारियों को सेक्टर ऑफिसर के रूप में सूचीबद्ध किया गया था, लेकिन आपत्तियां उठने के बाद उनके पदनाम बदल दिए गए जबकि उनकी भूमिकाएं वही रखी गईं। भाजपा नेता ने इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए कहा कि इस तरह की नियुक्तियां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए खतरा हैं। उन्होंने मांग की है कि चुनाव आयोग तत्काल कार्रवाई करते हुए इस आदेश को रद्द करे और संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर के खिलाफ सख्त कदम उठाए।

# 'पीड़ित कार्ड' खेलकर सहानुभूति बटोर रहीं ममता : अमित शाह

**बांकुड़ा/पुरुलिया :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह चुनाव में सहानुभूति पाने के लिए पीड़ित कार्ड खेल रही हैं। बांकुड़ा के छतना और ओंडा तथा पुरुलिया के बाघमुंडी में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि ममता बनर्जी ने अपने 15 वर्षों के शासनकाल में राज्य को विनाश की ओर धकेल दिया है।

शाह ने कहा, ममता दीदी कभी पैर तो कभी सिर पर पट्टी बांधकर खुद को पीड़ित दिखाने की कोशिश करती हैं, लेकिन इस बार जनता उन्हें वोट नहीं देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में सिंडिकेट राज और कट मनी का बोलबाला है, जहां सीमेंट से लेकर रेत तक हर काम के लिए सत्तारूढ़ दल के नेटवर्क से गुजरना पड़ता है।



रोजगार के मुद्दे पर उन्होंने दावा किया कि 7,000 से अधिक उद्योग राज्य छोड़ चुके हैं, जिससे युवाओं को दूसरे राज्यों में काम ढूंढने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। शाह ने वादा किया कि भाजपा सरकार बनने पर युवाओं को राज्य में ही रोजगार मिलेगा और तब तक उन्हें आर्थिक सहायता भी दी जाएगी।

महिलाओं की सुरक्षा को लेकर उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा शासन में 24 घंटे सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना और संदेशखली प्रकरण का उल्लेख करते हुए कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए।

शाह ने यह भी कहा कि भाजपा सोनार बांग्ला के सपने को साकार करने के लिए काम करेगी और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य की खोई हुई पहचान वापस लाई जाएगी। उन्होंने आलू किसानों को उचित मूल्य दिलाने का आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी उपज देशभर में भेजी जाएगी।

घुसपैठ के मुद्दे पर उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि भाजपा सरकार बनने पर अवैध घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, उन्होंने दावा किया कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

## भाजपा सरकार बनी तो खत्म होगा 'सिंडिकेट राज' : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने पर तृणमूल कांग्रेस के सिंडिकेट राज को पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में गुंडों और घुसपैठियों का राज है और आम लोगों को हर काम के लिए कट मनी देनी पड़ती है। शाह ने कहा कि भाजपा सत्ता में आने पर महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को कानून के कठघरे में लाया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कृषि क्षेत्र के विकास में धन की कमी बाधा नहीं बनेगी : राजनाथ सिंह



**रायसेन :** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि कृषि क्षेत्र के विकास के लिए धन की कोई कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी और किसानों के जीवन में व्यापक बदलाव लाने के लिए और अधिक प्रयासों की जरूरत है। मध्यप्रदेश के रायसेन में आयोजित तीन दिवसीय उन्नत कृषि मेले को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने और कृषि उत्पादकता में सुधार के लिए पीएम-किसान, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और थोक मंडियों के ऑनलाइन नेटवर्क जैसी कई योजनाएं लागू की हैं। राजनाथ ने कहा, इन प्रयासों से किसानों के जीवन में बदलाव आया है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अभी और काम करने की आवश्यकता है। धन की कमी इस दिशा में बाधा नहीं बनेगी। अपने राजनीतिक जीवन का उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि विभिन्न पदों पर रहने के बावजूद उनके अंदर का किसान आज भी जीवित है। उन्होंने कहा कि भले ही लोग रक्षा मंत्री को केवल देश की सुरक्षा से जोड़ते हैं, लेकिन वे किसानों की समस्याओं और जरूरतों को भलीभांति समझते हैं। उन्होंने युवाओं से कृषि क्षेत्र में जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि ड्रोन, सेंसर और मोबाइल तकनीक के जरिए खेती को 'स्मार्ट' बनाया जा सकता है, जिससे उत्पादकता और आय दोनों में वृद्धि होगी। राजनाथ ने कहा कि सरकार ने सेना में मोटे अनाजों (ज्वार, बाजरा, रागी) को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि छावनी क्षेत्रों के आसपास के किसानों से जैविक फल और सब्जियां खरीदने की योजना से किसानों को बेहतर दाम मिल रहे हैं।

## बेलगावी में सरकारी अधिकारी के ठिकाने पर लोकायुक्त का छापा, 14 करोड़ रुपये की संपत्ति का पता लगाया



**बेलगावी (कर्नाटक) :** कर्नाटक लोकायुक्त ने बेलगावी में जिला शहरी विकास विभाग के एक सहायक कार्यकारी अभियंता (एईई) के घर पर छापेमारी कर सोने, चांदी, बैंक जमा और संपत्तियों सहित 14 करोड़ रुपये से अधिक की आय से अधिक संपत्ति का पता लगाया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह छापेमारी जिला शहरी विकास प्रकोष्ठ (डीयूडीसी) के एईई अजयसिंह बापूसिंह राजापुर से जुड़ी संपत्तियों पर की गई। उन्होंने बताया कि लोकायुक्त के अधिकारियों ने शुक्रवार को राजपुर के घर, कार्यालय और बैंक सहित सात स्थानों पर एक साथ छापेमारी की कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान लोकायुक्त अधिकारियों ने बेलगावी में तीन घरों, एक कार्यालय और एक बैंक लॉकर का निरीक्षण किया। उन्होंने सौन्दत्ती, हुक्केरी और हुबली में स्थित सहित 18 भूखंडों का पता लगाया, साथ ही बेलगावी शहर में तीन मकानों का भी पता लगाया। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी के दौरान में 5.96 किलोग्राम सोना,पांच किलोग्राम चांदी, बैंक में जमा 3.12 करोड़ रुपये और लग्जरी कारें और बाइक जब्त की गई। उन्होंने बताया कि कुल मिलाकर, अब तक 14 करोड़ रुपये से अधिक की चल और अचल संपत्ति बरामद की जा चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि अजयसिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत उनकी आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

## हिमाचल के बिलासपुर में संदिग्ध 'पाकिस्तानी गुब्बारा' मिला




**बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश) :** बिलासपुर में एक गांव के पास शनिवार को खेतों में पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस लिखा हुआ एक संदिग्ध हवाई जहाज के आकार का गुब्बारा देखा गया। स्थानीय लोगों ने यह जानकारी दी। स्थानीय निवासी राजकुमार ने बताया कि झंडूटा उपमंडल की बलोह ग्राम पंचायत के अंतर्गत खेतों में काम कर रहे लोगों ने शनिवार सुबह एक संदिग्ध गुब्बारा देखा। उन्होंने तुरंत तलाई थाने में इसकी सूचना दी, जिसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और गुब्बारे को अपने कब्जे में ले लिया। एक अन्य स्थानीय निवासी राजेश गौतम ने बताया कि संदिग्ध वस्तु एक हवाई जहाज के आकार के गुब्बारे जैसी थी, जिस पर पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस शब्द स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था। उन्होंने पुलिस और प्रशासन से मामले की जांच करने का आग्रह किया। हिमाचल प्रदेश में इस तरह का गुब्बारा पहली बार नहीं दिखा है। ऊना और बिलासपुर जिलों में भी समय-समय पर ऐसे गुब्बारे नजर आ जाते हैं।

## राष्ट्रीय राजमार्गों पर अब केवल डिजिटल माध्यम से ही टोल संग्रह होगा

**नयी दिल्ली :** देश भर के राष्ट्रीय राजमार्ग टोल प्लाजा पर शनिवार से सभी शुल्क भुगतान विशेष रूप से फास्टैग या यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) जैसे डिजिटल माध्यमों से ही लिए जा रहे हैं। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। यह कदम टोल संग्रह में दक्षता और पारदर्शिता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बयान में कहा गया कि तमिलनाडु, केरल, असम और पश्चिम बंगाल के साथ ही केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में यह बदलाव अभी लागू नहीं किया गया है।

## एक साल में वंदे भारत स्लीपर का प्रारूप परीक्षण के लिए तैयार हो जाएगा: रेलवे बोर्ड प्रमुख

**नयी दिल्ली :** रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सतीश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के नेतृत्व वाले संयुक्त उपक्रम द्वारा बनाई जा रही वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का प्रारूप एक वर्ष के भीतर परीक्षण के लिए तैयार हो जाएगा। आरवीएनएल के 21वें स्थापना दिवस समारोह में अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वंदे भारत स्लीपर कंपनी की प्रमुख परियोजनाओं में से एक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इसका प्रारूप एक वर्ष के भीतर परीक्षण के लिए पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद कंपनी को 120 ट्रेन की आपूर्ति करनी होगी। हालांकि सतीश कुमार ने कोई निश्चित समय नहीं बताया, लेकिन आरवीएनएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सलीम अहमद ने हाल ही में कहा था कि यह प्रारूप जून 2026 में पेश किया जा सकता है। अधिकारियों के अनुसार, काम तेज गति से जारी है, लेकिन जून 2026 तक परीक्षण संभव नहीं लग रहा है और इसमें अगले वर्ष तक देरी हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 जनवरी को देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की जोड़ी को कामाख्या और हावड़ा के बीच हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। अन्य वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के संचालन को लेकर कई तरह की अटकलें हैं, लेकिन इस संबंध में रेल मंत्रालय ने अभी तक कोई स्पष्ट घो-षणा नहीं की है।

## शांतिदूत बनने से पाकिस्तान अपनी अतीत की करतूतों के सबूत नहीं मिटा पाएगा: थरूर

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच हो रही उच्च स्तरीय शांति वार्ता के बीच शनिवार को कहा कि वह इस मुद्दे पर भारत को पाकिस्तान के साथ प्रतिस्पर्धा में नहीं देखते और शांति बहाली में कौन योगदान देता है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। थरूर ने इस बात पर जोर दिया कि यदि पाकिस्तान किसी विशिष्ट संदर्भ में शांतिदूत के रूप में उभरता है, तो वह अपनी पिछली करतूतों के सबूत नहीं मिटा पाएगा। थरूर ने संवाददाताओं से कहा कि पाकिस्तान इस पूरे मामले में इसलिए शामिल है क्योंकि उसकी ईरान के साथ 900 किलोमीटर लंबी सीमा है और वहां शिया आबादी भी काफी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि अगर संघर्ष बढ़ा तो सभी शरणार्थी पाकिस्तान आ जाएंगे और इसलिए इस मामले में उसकी भागीदारी भारत से अलग है।उन्होंने कहा, जब इस मामले की बात आती है तो मुझे पाकिस्तान के साथ कोई प्रतिस्पर्धा नहीं दिखती।

**Format C-7**

*(for political parties to publish in newspapers, social media platforms & website of the party)*

**Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.**

*(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in Contempt Petition (C) No. 2192 of 2018 in Writ Petition (C) No. 536 of 2011)*

**Name of Political Party:** ALL INDIA SECULAR FRONT
**Name of the Election:** General Election to the Legislative Assembly, 2026
**Name of State/UT:** West Bengal

| Sl. No. | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Name of Candidate | MD. NAWSAD SIDDIQUE | ARABUL ISLAM | MO. SAHAJ AHAN ALI | ABJAL ALI SHA | MD. SABE MIRAJ ALI KHAN | BISWAJIT MAITY |
| Constituency | 148 – BHANGAR | 139 – CANNING PURBA | 52 MOTHA BARI | 205 PANSK URA PASCH IM | 210 NANDI GRAM | 192 - AMDANGA |
| (a) Nature of offences | BNS, IPC, PDPP Act, WB MPO Act, Explosives Act – offences include unlawful assembly, rioting, obstruction, grievous hurt, criminal intimidation, attempt to murder, murder, rape | BNS, IPC, Arms Act, PDPP Act, Explosive Substances Act – offences include rioting, wrongful restraint, grievous hurt, attempt to murder, kidnapping, murder | BNS, PDPP Act, MP(OO) Act offences | BNS & IPC offence s incl. rape, theft, intimid ation | IPC & Arms Act offence s incl. attempt to murder | Multiple pending cases involving allegations of rioting, attempt to murder, criminal intimidation, assault on public servant, obstruction, mischief etc. under BNS, IPC, Arms Act, Explosive Substances Act, PDPP Act. |
| (b) Case no. | Hare Street 183/2025, Madhabpur 42/2025, Hatishala 81/2025, Uttar | Case Nos. 22/2025, 21/2025, 03/2025, 1938/2024, 1059/2024, 60/2024, 23/2024, 105/2024, 106/2024, 785/2022, | Mothabari P.S. 256/2026 | 1041/24, 375/21, 335/21, 16/07 | 547/2024, 967/2023 | Bhatar P.S. Case no.1088/2017 dated 24/02/2017, Bhatar P.S. Case no.242/2013 (G.R. Case no.3221/2014), Bhatar P.S. Case |
| | Kashipur 36/2025, 35/2025, Jangipara 253/2023, 252/2023, 251/2023, Hatishala 71/2024, 48/2024, GR(S) 71/2023, New Market 12/2023, Bowbazar 126/2023, Bhangar 57/2025 | 42/2022, 165/2018, 157/2018, 110/2015, 601/2016, 303/2016, 240/2016, 11/2013, 08/2013, 91/2009, 90/2009, 73/2009, 334/2008, 186/2007, 134/2006 | | | | no.981/2024 dated 23/06/2024, New Market P.S. Case no.112/2021 (G.R. no.1721/2021), Hare Street P.S. Case no.172/2025 dated 21.08.2025, Kashipur P.S. Case no.347/2025 dated 29/07/2025, Madhabpur P.S. Case no.42/2025 dated 14.04.2025, Uttar Kashipur P.S. Case no.36/2025 dated 14.04.2025, Uttar Kashipur P.S. Case no.35/2025 dated 14.04.2025, Hatishala P.S. Case no.81/2025 dated 14.04.2025 and several other cases as per affidavit |
| (c) Court | CJM Calcutta, ACJM Baruipur, MLA & MP Court Bidhannagar, jurisdictional courts | ACJM Baruipur, Executive Magistrate Baruipur, Fast Track Court Baruipur, ACJM Baruipur/Barasat | CJM Malda | CJM Tamluk | ACJM Haldia | Ld. A.C.J.M. Barasat, Ld. A.C.J.M. Baruipur, Ld. C.J.M. Calcutta, Ld. A.C.J.M. at Barasat |
| (d) Charges framed | NO | NO | NO | NO | NO | NO |
| (e) Date of conviction | NA | NA | NA | NA | NA | NA |
| (f) Punishment | NA | NA | NA | NA | NA | NA |
| (g) Other info | 16 pending cases | 25 pending cases | 1 pending case | 4 pending cases | 2 pending cases | Charges have not been framed in any of the cases |
| 2. The reasons for the selection of the candidate | Recognised mass leader with strong grassroots mobilisation, social work and political leadership; | Strong grassroots leader with long-standing public engagement and organisational strength; selected | Strong grassroot s worker; merit-based selection | Experie nced local leader; strong organis | Grassro ots presenc e; public service merit | Social justice activist; community leadership |
| | selected on merit and public support | based on experience and public connect | | ational base | | |
| 3. Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates | Other candidates did not have equivalent public mobilisation capacity and leadership presence | Other aspirants lacked comparable grassroots reach and organisational influence in constituency | Others lacked compara ble grassroot s reach | Others lacked organis ational strength | No compar able public connect | No equally strong community mobilisation |

• In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of Constituency.

**Signature of office bearer of the Political Party Name and designation ..................................................**

**Notes (to be included at the end or on a separate page for compliance):**

(1) Political parties (at the Central and State election level) shall upload on their website detailed information regarding individuals with pending criminal cases (including the nature of the offences, and relevant particulars such as whether charges have been framed, the concerned Court, the case number etc.) who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.

(2) The reasons as to selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate concerned, and not mere "winnability" at the polls.

(3) This information shall also be published in: (a) One local vernacular newspaper and one national newspaper; (b) On the official social media platforms of the political party, including Facebook & Twitter.

(4) The matter in newspapers shall be published in font size of at least 12.

(5) The above information shall be published State wise for each State/UT.

(6) These details shall be published within 48 hours of the selection of the candidate and not prior to two weeks before the first date of filing of nominations.

(7) The political party concerned shall then submit a report of compliance in Format C-8 with the Election Commission within 72 hours of the selection of the said candidate.

### भारत फीफा सीरीज 2026 के सेमीफाइनल कीनिया से 2–0 से हारा

**नैरोबी :** भारतीय महिला फुटबॉल टीम को शनिवार को फीफा सीरीज 2026 के सेमीफाइनल में अपने से निचली रैंकिंग वाली कीनिया से 0–2 से हार का सामना करना पड़ा। मेजबान टीम के लिए मार्था एमेडोट ने दूसरे और टेरेज़ा ओबुन्या ने 55वें मिनट में गोल दागे। मुकाबले के दौरान भारतीय कप्तान प्यारी खाखा को मैच के 14वें मिनट में सिर में गंभीर चोट लग गई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अनुसार, वह होश में हैं और उनका इलाज जारी है। इससे पहले दिन के शुरुआती सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने मलावी को 5–0 से हराया। भारत अब 15 अप्रैल को तीसरे स्थान के प्ले–ऑफ में मलावी से भिड़ेगा, जबकि उसी दिन कीनिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

# अय्यर का धमाल, पंजाब किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हराया

**मुल्लांपुर:** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स ने कप्तान श्रेयस अय्यर की तूफानी नाबाद पारी के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हराकर अपनी तीसरी जीत दर्ज की। अय्यर ने 33 गेंद में 69 रन बनाकर टीम को मुश्किल हालात से उबारते हुए जीत तक पहुंचाया। सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 219 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम को तेज शुरुआत अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने दी, जिन्होंने पहले विकेट के लिए 120 रन जोड़े। अभिषेक ने महज 28 गेंद में 74 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें आठ छक्के और पांच चौके शामिल थे। हालांकि, इसके बाद पंजाब के गेंदबाजों ने वापसी करते हुए हैदराबाद को 220 के भीतर रोक दिया। शशांक सिंह ने दो अहम विकेट चटकाए, जबकि अर्शदीप सिंह और



अन्य गेंदबाजों ने भी योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरुआत बेहद शानदार रही। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य (57) और प्रभसिमरन सिंह (51) ने पावरप्ले में ही 93 रन जोड़कर मजबूत नींव रखी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी हुई। हालांकि, हैदराबाद के स्पिनर शिवांग कुमार ने लगातार झटके देकर मुकाबले में रोमांच पैदा किया और तीन विकेट झटके। इसके बाद अय्यर ने मोर्चा संभालते हुए आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने महज 24 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और अंतिम ओवरों में तेजी से रन जुटाते हुए टीम को 18.5 ओवर में लक्ष्य तक पहुंचा दिया। उनकी पारी में पांच छक्के और पांच चौके शामिल रहे। हैदराबाद की ओर से हेनरिक क्ल–ासेन ने 39 रन बनाए, जबकि कप्तान ईशान किशन ने 27 रन का योगदान दिया, लेकिन टीम को लगातार दूसरी हार से नहीं बचा सके। पंजाब किंग्स की इस जीत में अय्यर की कप्तानी और बल्लेबाजी दोनों ने अहम भूमिका निभाई।

### अपने गढ में आरसीबी के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेगी मुंबई इंडियंस

**मुंबई:** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में धीमी शुरुआत के बाद मुंबई इंडियंस रविवार को अपने घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेगी। पांच बार की चैंपियन मुंबई ने इस सत्र की शुरुआत जीत के साथ की थी, लेकिन इसके बाद लगातार दो मैच हारकर टीम अंक तालिका में आठवें स्थान पर खिसक गई है। टीम का रन रेट भी चिंता का विषय बना हुआ है। बल्लेबाजी में रोहित शर्मा ने अब तक सबसे ज्यादा रन बनाए हैं, लेकिन मध्यक्रम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव से टीम को बड़ी पारियों की उम्मीद होगी। वहीं कप्तान हार्दिक पंड्या का बल्ला अब तक खामोश रहा है। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी पिछले मैच में प्रभाव नहीं छोड़ सके। टीम संयोजन में बदलाव करते हुए मिचेल सेंटनेर को मौका दिया जा सकता है, जबकि विल जैक्स के उपलब्ध होने का इंतजार है। दूसरी ओर आरसीबी की बल्लेबाजी काफी मजबूत नजर आ रही है।

# पंद्रह बरस की उम्र में काफी परिपक्व हैं सूर्यवंशी : भुवनेश्वर



**गुवाहाटी:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी की उम्र भले ही 15 साल हो लेकिन वह काफी परिपक्वता और स्पष्टता के साथ बल्लेबाजी करते हैं। सूर्यवंशी ने आरसीबी के खिलाफ 26 गेंद में 78 रन बनाकर राजस्थान रॉयल्स को छह विकेट से जीत दिलाई। भुवनेश्वर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा,' जिस तरह से वह शॉट्स खेलता है , वह बाकायदा क्रिकेट शॉट होते हैं। 15 वर्ष की उम्र में वह काफी परिपक्व है। जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहा है, हमें उसे इसका श्रेय देना चाहिये।' उन्होंने यह भी कहा कि आरसीबी कभी भी पूरी तरह से दबाव में नहीं थी। उन्होंने कहा,' यह टी20 मैच है। वह युवा है और अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है। वह परिपक्वता से बल्लेबाजी कर रहा है लेकिन हमें कभी भी यह नहीं लगा कि हम पर पूरी तरह से दबाव बन गया है। अगर एक 15 साल का लड़का इस तरह से बल्लेबाजी कर रहा है या वह 25 का भी हो, यह टी20 मैच में होता है।' उन्होंने कहा,' हमने रणनीति बनाई थी और एक कैच भी छूटा लेकिन यह क्रिकेट में होता है। हम अपनी रणनीति पर अमल नहीं कर सके और यह टी20 क्रिकेट का हिस्सा है। हम बहुत चिंतित नहीं हैं।' लेग स्पिनर सुयश शर्मा की जगह हरफनमौला वेंकटेश अय्यर को उतारने के बारे में उन्होंने कहा,' पावरप्ले में स्पिनरों का प्रयोग मुश्किल है। हमारे पास बायें हाथ का एक ही स्पिनर है और हमने सुयश की जगह इंपैक्ट सब को चुना।' उन्होंने कहा,'हमारे पास आफ स्पिनर नहीं था। बायें हाथ का गेंदबाज बायें हाथ के बल्लेबाज को गेंदबाजी करे तो समझ में आता है। हमने वही किया जो कर सकते थे और वेंकटेश ने अच्छी बल्लेबाजी की।'

## बुमराह के नाम कम विकेटों को लेकर चिंतित नहीं: पोलार्ड

**मुंबई:** मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने शनिवार को यहां कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग में जसप्रीत बुमराह का विकेट नहीं लेना चिंता का विषय नहीं है। वेस्टइंडीज के इस पूर्व दिग्गज ने इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि टीम तिलक वर्मा के बल्लेबाजी क्रम को लेकर लचीला रुख अपनाए रखेगी। लगातार दो हार के बाद मुंबई इंडियंस रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले में वापसी की कोशिश करेगी। पोलार्ड ने टीम के अहम मैच की पूर्व संध्या पर कहा, कभी–कभी रक्षात्मक रुख अपनाना ही सर्वश्रेष्ठ आक्रमण होता है। हम बुमराह के विकेट नहीं लेने



को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं हैं। राजस्थान के खिलाफ मुकाबले में बुमराह की गति को लेकर उठे सवालों पर उन्होंने कहा कि हर स्थिति में एक ही रणनीति नहीं अपनाई जाती। उन्होंने संकेत दिया कि जब बल्लेबाज आक्रामक होते हैं, तो गेंदबाजों को अलग तरीका अपनाना पड़ता है। पोलार्ड ने कहा, हमारे शिविर में बुमराह को लेकर कोई चिंता नहीं है। आंकड़ों, गति या विकेटों पर हम उस तरह ध्यान नहीं देते, जैसा बाहर से देखा जाता है। तिलक वर्मा की बल्लेबाजी क्रम में बदलाव को लेकर उन्होंने कहा, हर खिलाड़ी को लचीला होना होगा। टीम की जरूरत के अनुसार बल्लेबाजी क्रम तय किया जाता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सूर्यकुमार यादव ने भी अलग–अलग स्थानों पर बल्लेबाजी करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया है। पोलार्ड ने रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ियों की भी सराहना की।

### भारतीयों ने 13 स्वर्ण पदक जीतकर दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस में अपना दबदबा कायम रखा



**शिमला:** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने शनिवार को यहां दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अलग–अलग वर्ग में 13 स्वर्ण पदक जीतकर अपना क्षेत्रीय दबदबा साबित कर दिया। यह टूर्नामेंट एशियाई युवा चैंपियनशिप के लिए क्वालीफायर भी है। भारत के प्रियनुज भट्टाचार्य ने अंडर–19 लड़कों के एकल फाइनल में हमवतन पुनीत बिस्वास को 3–1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। युगल में एमआर बालमुरुगन और मेहान सेंथिल ने पहले गेम में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बांग्लादेश के अबुल हसीब और नफीज इकबाल को हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर–15 लड़कों के वर्ग में आदित्य दास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में हमवतन खिलाड़ी अक्षय किरिकारा को हराया। युगल का खिताब भी भारत के ही पास रहा जिसमें ऋषान चट्टोपाध्याय और आकाश राजवेलु ने नेपाल के खिलाफ पांच गेम तक चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। लड़कियों के वर्ग में जेनिफर वर्गीज ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अंडर–19 फाइनल में हमवतन अनन्या मुरलीधरन को हराया जबकि अंकोलिका चक्रवर्ती ने आहोना रे को पछाड़कर अंडर–15 का खिताब जीता। भारत ने लड़कियों के युगल के दोनों वर्ग में भी क्लीन स्वीप किया। मिश्रित युगल में भी भारत का दबदबा रहा।

# सैमसन का तूफानी शतक, चेन्नई को दिलाई पहली जीत

**चेन्नई :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स ने शानदार वापसी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से हराकर मौजूदा सत्र में पहली जीत दर्ज की। इस जीत के नायक संजू सैमसन और जैमी ओवरटन रहे।पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने दो विकेट पर 212 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। सैमसन ने 56 गेंद में नाबाद 115 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें 15 चौके और चार छक्के शामिल थे। उन्हें आयुष महात्रे (59) का अच्छा साथ मिला और दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी की। अंत में शिवम दुबे ने तेज 20 रन बनाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत अच्छी



रही, लेकिन टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। ट्रिस्टन स्टब्स ने 60 रन और पथुम निसंका ने 41 रन बनाए, पर टीम 189 रन पर सिमट गई।गेंदबाजी में ओवरटन ने चार ओवर में 18 रन देकर चार विकेट झटके और मैच का रुख पलट दिया। उन्हें अंशुल कंबोज का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने तीन विकेट लिए।इस जीत के साथ चेन्नई ने लगातार हार के सिलसिले को तोड़ा और अंक तालिका में महत्वपूर्ण अंक हासिल किए, जबकि दिल्ली को दूसरी हार का सामना करना पड़ा।

## एलएसजी के लिए घरेलू रिकॉर्ड चिंता का विषय, गुजरात के खिलाफ लय बनाने की करेगा कोशिश

**लखनऊ:** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के लिए घरेलू मैदान पर खराब प्रदर्शन चिंता का विषय बना हुआ है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को होने वाले मुकाबले में टीम अपने घरेलू रिकॉर्ड को सुधारने और लय हासिल करने के इरादे से उतरेगी। एलएसजी को हाल में मुकुल चौधरी के रूप में नया स्टार मिला है, जिन्होंने पिछले मैच में शानदार 'फिनिशर' की भूमिका निभाई। टीम ने अपने पिछले मुकाबलों में सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स को उनके घर में हराकर आत्मविश्वास हासिल किया है। वहीं गुजरात टाइटंस ने भी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एक रन से रोमांचक जीत दर्ज कर अपना खाता खोला। हालांकि एलएसजी का एकाना क्रिकेट स्टेडियम में रिकॉर्ड निराशा–जनक रहा है। पिछले सत्र में यहां खेले गए आठ में से छह मैचों में उसे हार मिली थी। कुल मिलाकर इस मैदान पर 22 मैचों में से केवल नौ में ही टीम जीत दर्ज कर सकी है। इस सत्र में भी घरेलू मैदान पर पहले मैच में उसे दिल्ली के हाथों हार झेलनी पड़ी थी।

### भारत की अंडर-17 महिला टीम पहले दोस्ताना मैच में रूस से हारी

**नयी दिल्ली:** भारतीय अंडर–17 महिला टीम शनिवार को रूस के सोची में मात्सेस्ता फुटबॉल सेंटर में खेले गए पहले दोस्ताना मैच में रूस से 0–4 से हार गई। वैलेरिया मेन्यैलोवा ने 44वें मिनट में मेजबान टीम को बढ़त दिलाई। डाना डोब्रोविट्स्काया और अलीसा क्लिमोवा ने क्रमशः 57वें और 72वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला, जिसके बाद एंजेलिना गुल्यायेवा ने 88वें मिनट में स्कोर पूरा किया। इटली की पामेला कोंटी की कोचिंग वाली भारतीय टीम इन मैत्री मैच का इस्तेमाल अगले महीने चीन में होने वाले एएफसी अंडर–17 महिला एशियाई कप की तैयारी के लिए कर रही है।



### भारतीय वायुसेना प्रमुख ने अपने अमेरिकी समकक्ष से रक्षा संबंधों पर चर्चा की

**वाशिंगटन :** भारतीय वायु सेना के अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने भारत–अमेरिका रक्षा संबंधों को प्रगाढ़ करने की साझा प्राथमिकताओं पर अमेरिकी समकक्ष चीफ ऑफ स्टाफ जनरल केन विल्सबैक के साथ यहां चर्चा की। सिंह का आठ अप्रैल को यहां जॉइंट बेस एनाकोस्टिया–बोलिंग में पूरे सैन्य सम्मान के साथ स्वागत किया गया। भारतीय वायुसेनाध्यक्ष ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान पेंटागन में वायु सेना मामलों के मंत्री ट्रॉय मींक और विल्सबैक से मुलाकात की। अधिकारियों ने बताया कि वाशिंगटन में अपनी व्यस्तताओं के अलावा, सिंह ने कोलोराडो में पीटरसन स्पेस फोर्स बेस का दौरा किया, जहां उन्हें उत्तरी अमेरिका के लिए हवाई आक्रमण चेतावनी प्रणाली, हवाई क्षेत्र नियंत्रण और समुद्री चेतावनी के द्विपक्षीय उत्तरी अमेरिकी हवाई रक्षा कमान मिशन पर केंद्रित जानकारी दी गई। अमेरिकी वायु सेना (यूएसएएफ) के एक बयान के अनुसार, भारतीय वायु सेना प्रमुख ने नेवादा स्थित नेलिस वायु सेना अड्डे का भी दौरा किया। इस दौरान सिंह को अमेरिकी वायु सेना युद्ध केंद्र में संबंधित जानकारी दी गई और एफ–15ईएक्स ईगल–2 की उड़ान से परिचित कराया गया।

# इस्लामाबाद वार्ता: जेडी वेंस के नेतृत्व में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने ईरान से बातचीत शुरू की

## 47 साल बाद दोनों देशों की आमने–सामने बातचीत



**इस्लामाबाद :** जेडी वेंस के नेतृत्व में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान की मध्यस्थता में ईरान के शीर्ष नेताओं के साथ अहम शांति वार्ता शुरू की है। इस्लामाबाद में हो रही यह बातचीत पश्चिम एशिया में जारी तनाव को कम करने और स्थायी समाधान तलाशने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यह वार्ता 1979 की ईरानी इस्लामी क्रांति के बाद दोनों देशों के बीच पहली प्रत्यक्ष उच्चस्तरीय बातचीत है। बैठक से पहले अमेरिकी और ईरानी प्रतिनिधिमंडलों ने अलग–अलग तौर पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की। ईरानी पक्ष का नेतृत्व संसद अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालिबफ कर रहे हैं, जबकि प्रतिनिधिमंडल में विदेश मंत्री अब्बास अराघची और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। अमेरिकी टीम में विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जैरेड कुशनर भी मौजूद हैं। सूत्रों के अनुसार, वार्ता का माहौल उत्साहजनक रहा है और बातचीत अब तकनीकी स्तर पर पहुंच गई है, जहां समझौते के अहम बिंदुओं पर चर्चा हो रही है। यह संवाद ईरान और अमेरिका के बीच घोषित दो सप्ताह के युद्धविराम के बाद शुरू हुआ है, हालांकि लेबनान पर इजराइल के हमलों ने स्थिति को जटिल बना दिया है। ईरान ने स्पष्ट किया है कि स्थायी समझौते के लिए उस पर लगे प्रतिबंध हटाना और क्षेत्रीय तनाव खत्म करना जरूरी है। वहीं अमेरिका ने संकेत दिया है कि बातचीत विफल होने पर कड़े कदम उठाए जा सकते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने पहले ही सैन्य कार्रवाई फिर शुरू करने की चेतावनी दी है। इस बीच, इस्लामाबाद में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। करीब 10,000 सुरक्षाकर्मी तैनात हैं और रेड अलर्ट घोषित किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस वार्ता का परिणाम केवल अमेरिका और ईरान ही नहीं, बल्कि पूरे पश्चिम एशिया, वैश्विक ऊर्जा बाजार और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति पर गहरा असर डालेगा।

### हिजबुल्ला के 200 से अधिक ठिकानों पर पिछले 24 घंटे में हमला किया गया: इजराइली सेना

**यरूशलम :** इजराइली सेना ने कहा कि उसकी वायुसेना ने लेबनान में ईरान समर्थित उग्रवादी समूह के बुनियादी ढांचे पर हमला किया और वह दक्षिणी लेबनान में सक्रिय अपने जमीनी बलों को समर्थन देना जारी रखे हुए है। यह बयान ऐसे समय आया है जब तेहरान पाकिस्तान में शनिवार दोपहर ईरान और अमेरिका के बीच शुरू हुई त्रिपक्षीय वार्ता में हिजबुल्ला पर इजराइली हमलों को रोकने के लिए दबाव बना रहा था। शनिवार को लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी ने दक्षिणी लेबनान में इजराइली हमलों में कम से कम तीन लोगों के मारे जाने की खबर दी। दोपहर के समय किसी भी हमले की कोई सूचना नहीं है। लेबनान की सीमा से लगे इजराइली समुदायों में शनिवार को दिनभर लेबनान से ड्रोन और रॉकेट हमलों की चेतावनी देने वाले सायरन बजते रहे। इसमें किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

## मिसरी की अमेरिका यात्रा संपन्न, भारत–अमेरिका परमाणु ऊर्जा और एलपीजी निर्यात में सहयोग को बढ़ाएंग

**वाशिंगटन :** भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट के साथ अपनी बैठक में परमाणु ऊर्जा और कोयला गैसीकरण (ठोस कोयले को रासायनिक प्रक्रिया के जरिए गैस में बदलना) व एलपीजी निर्यात जैसे नए क्षेत्रों में ऊर्जा सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। अमेरिका में भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मिसरी और राइट के बीच हुई चर्चा का मुख्य विषय ''ऊर्जा सुरक्षा को आगे बढ़ाना, द्विपक्षीय ऊर्जा व्यापार को गहरा करना और भारत–अमेरिका ऊर्जा साझेदारी को मजबूत करने के नए रास्ते तलाशना'' था। बैठक में मौजूद भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि अमेरिका, असैन्य परमाणु सहयोग के साथ–साथ कोयला गैसीकरण और अमेरिकी एलपीजी निर्यात जैसे क्षेत्रों में भारत के साथ सहयोग के लिए तैयार है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''शुक्रवार को ऊर्जा मंत्री राइट और विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ अमेरिका–भारत ऊर्जा सहयोग के भविष्य पर चर्चा करना अच्छा रहा। भारत द्वारा शांति विधेयक पारित किए जाने के बाद हम असैन्य परमाणु क्षेत्र के साथ–साथ कोयला गैसीकरण और अमेरिकी एलपीजी निर्यात जैसे क्षेत्रों



में सहयोग के लिए तैयार हैं।'' 'सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी एक्ट' (शांति अधिनियम) को भारत के असैन्य परमाणु क्षेत्र में सबसे बड़ा सुधार माना जा रहा है। यह कानून गत दिसंबर से लागू हुआ, जिसने इस क्षेत्र को निजी भागीदारी के लिए खोल दिया है। इसके साथ ही 1962 का परमाणु ऊर्जा अधिनियम और 2010 का परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम निरस्त कर दिए गए। शुक्रवार देर रात गोर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मार–ए–लागो स्थित रिसॉर्ट में मिसरी की मेजबानी की। गोर ने कहा, ''आज रात मार–ए–लागो में विक्रम मिसरी की मेजबानी करना सुखद रहा। व्यापार और रक्षा से लेकर ऊर्जा तक, भारत और अमेरिका आने वाले महीनों और वर्षों में मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं।'' मिसरी मंगलवार देर रात तीन दिवसीय यात्रा पर अमेरिका पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने रक्षा, वाणिज्य और विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। मिसरी ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से भी मुलाकात की। इस दौरान भारतीय वायुसेना के प्रमुख ए पी सिंह भी अमेरिका यात्रा पर थे और वह बुधवार को कोलोराडो स्प्रिंग्स स्थित पीटरसन स्पेस फोर्स बेस गए। भारतीय वायुसेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''उन्होंने ग्रेगरी एम गिलोट (अमेरिकी उत्तरी कमान के कमांडर) के साथ अभियान संबंधी जटिल पहलुओं पर सार्थक विचार–विमर्श किया, जो बढ़ती साझेदारी की मजबूती को दर्शाता है।'' अलग–अलग बैठकों में गोर ने अमेरिकी उप रक्षा मंत्री स्टीव फाइनबर्ग और सेना सचिव डैन ड्रिस्कॉल के साथ भी चर्चा की।

## ऐतिहासिक चंद्र यात्रा के बाद चार अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी, अब चांद पर उतरने की तैयारी में नासा

**वाशिंगटन :** तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह के बीच नासा के 'आर्टेमिस–2' मिशन के चार अंतरिक्ष यात्री ऐतिहासिक चंद्र यात्रा पूरी करने के बाद प्रशांत महासागर में सुरक्षित उतर गए। यह 50 वर्षों से अधिक समय बाद चंद्रमा तक पहली मानव उड़ान है। नासा के भारतीय मूल के सहायक प्रशासक अमित क्षत्रिय ने सैन डिएगो तट के पास शुक्रवार को (पूर्वी समयानुसार 8:07 बजे) पृथ्वी पर वापसी के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''चंद्रमा तक जाने का रास्ता खुल गया है, लेकिन आगे का काम पीछे किए गए काम से कहीं अधिक बड़ा है।'' इस मिशन में शामिल कमांडर रीड वाइसमैन, पायलट विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और कनाडा के जेरेमी हैनसेन ने दिसंबर 1972 में हुए अप–ोलो 17 मिशन के बाद पहली बार चंद्रमा की यात्रा की। उड़ान निदेशक रिक हेनफ्लिंग ने कहा कि आर्टेमिस–2 के अंतरिक्ष यात्री ''खुश और स्वस्थ हैं तथा ह्यूस्टन लौटने के लिए तैयार हैं।'' आर्टेमिस–2 पहला मानवयुक्त मिशन था जिसमें नासा के अंतरिक्ष प्रक्षेपण प्रणाली रॉकेट और ओरियन क्रू मॉड्यूल का उपयोग किया गया, जिससे यह साबित हुआ कि एजेंसी का उपकरण अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा से बाहर भेजकर सुरक्षित वापस ला सकता है। अमित क्षत्रिय ने कहा, ''कल उड़ान निदेशक जेफ रेडिगन ने बताया था कि चंद्रमा तक ढाई लाख मील की दूरी तय करने के बाद लक्ष्य साधने के लिए हमारे पास एक डिग्री से भी कम का कोण था और टीम ने इसे सटीकता से हासिल किया। यह किस्मत नहीं, बल्कि एक हजार लोगों की मेहनत का नतीजा है।''

### भारतीय–अमेरिकी वैज्ञानिक अमित क्षत्रिय ने अमेरिका के चंद्र मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

**वाशिंगटन :** ह्यूस्टन में बचपन में रॉकेट प्रक्षेपण देखकर प्रेरित होने वाले और बाद में राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन (नासा) में अभियानों की कमान संभालने वाले भारतीय–अमेरिकी वैज्ञानिक अमित क्षत्रिय ने उस अंतरिक्ष एजेंसी में अहम भूमिका निभाई है, जो अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने के मिशन पर काम कर रही है। विस्कॉन्सिन में जन्मे क्षत्रिय नासा के सह प्रशासन के रूप में एजेंसी में सर्वोच्च रैंक वाले सिविल सेवक हैं और प्रशासक जैरेड इसाकमैन के वरिष्ठ सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। क्षत्रिय एजेंसी के 10 केंद्र निदेशकों के साथ–साथ वाशिंगटन स्थित नासा मुख्यालय में मिशन निदेशालयों के सह प्रशासकों का नेतृत्व करते हैं। वह एजेंसी के मुख्य संचालन अधिकारी की भूमिका भी निभाते हैं। क्षत्रिय के माता–पिता भारतीय मूल के हैं। क्षत्रिय ने कैलिफोर्निया के पासाडेना स्थित 'कैलिफोर्निया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी' से गणित में बीएससी और ऑस्टिन स्थित टेक्सास विश्वविद्यालय से गणित में स्नातोकत्तर की डिग्री हासिल की है। उनका जन्म विस्कॉन्सिन के ब्रुकफील्ड में हुआ था, लेकिन वह टेक्सास के ह्यूस्टन के उपनगर केटी को अपना गृह नगर मानते हैं।

## तंबाकू आज भी दुनिया में मौत का एक प्रमुख कारण बना हुआ है

**कार्लिस्ले (अमेरिका) :** धूम्रपान वास्तव में बहुत हानिकारक है। यह बात ज्यादातर लोग जानते हैं। यहां तक कि धूम्रपान करने वाले भी मानते हैं कि धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। लेकिन ज्यादातर लोग यह नहीं जानते कि यह कितना नुकसानदायक है। अमेरिका में हर साल धूम्रपान से मरने वालों की संख्या शराब, मादक पदार्थों के सेवन, कार दुर्घटनाओं, आत्महत्याओं और हत्याओं से होने वाली कुल मौतों की संख्या से कहीं अधिक है। सिगरेट पीने से स्वास्थ्य देखभाल पर सालाना लगभग 240 अरब अमेरिकी डॉलर का खर्च होता है, जिससे न केवल धूम्रपान करने वालों को बल्कि धूम्रपान न करने वाले लोगों और अर्थव्यवस्था को भी नुकसान पहुंचता है। अमेरिका में धूम्रपान करने वालों की संख्या 1944 में 41 प्रतिशत से घटकर 2024 में 11 प्रतिशत हो गई है। हालांकि अभी भी 2.5 करोड़ से अधिक अमेरिकी धूम्रपान करते हैं। धूम्रपान करने वाले लोगों की संख्या में यह गिरावट आंशिक रूप से पिछले 50 वर्षों में लागू किये गये कई धूम्रपान कानूनों का नतीजा है। इनमें टेलीविजन और रेडियो पर सिगरेट के विज्ञापन पर राष्ट्रीय प्रतिबंध (1971), वाणिज्यिक उड़ानों में धूम्रपान पर प्रतिबंध (2000), फलों या कैंडी के स्वाद वाली सिगरेट की बिक्री पर प्रतिबंध (2009), और 18 से 20 वर्ष की आयु के लोगों को सिगरेट की बिक्री पर प्रतिबंध (2019) शामिल हैं। नयी नीतियां उतनी ही अजीब लग सकती हैं जितनी कि ये उपाय उस समय लगे थे। उदाहरण के लिए एक कानून के तहत 21 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति के लिए सिगरेट खरीदना अवैध हो सकता है, जबकि उस समय 21 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

वर्ष 11, पूर्णांक 3560 अंक 026 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता–700 015 से मुद्रित।
सम्पादक– अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता–700 006, विज्ञापन एवं प्रसार–9874555256/7044444522, ई–मेल news@samagya.in